वर्ष- 21 अंक - 315 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 01 मई 2026

# मई के पहले दिन फूटा महंगाई बम

## कमर्शियल सिलेंडर 993, पांच किलो का सिलेंडर 261 रुपए महंगा




**नई दिल्ली ● एजेंसी**

आज मई के पहले दिन महंगाई बम फूट गया। 5 राज्यों के चुनाव होते ही एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर (19 किग्रा) के दाम में 993 रुपए की बड़ी मूल्यवृद्धि की गई। जबकि 5 किलो वाले सिलेंडर के दाम में भी 261 रुपए की बढोतरी की गई। अब 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 3 हजार के पार पहुंच गई है। राहत की बात यह है कि 14 किलो वाले घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई इजाफा नहीं हुआ। इस बढ़ोतरी के बाद देश भर में होटल और रेस्टोरेंट के बिल बढ़ जाएंगे। साथ ही बाकी खाने वाली चीजों के दाम में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल 400

पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल में 6.51 रुपये और डीजल में 19.39 रुपये प्रति लीटर की भारी वृद्धि की है, जिसके बाद कीमतें 400 रुपये के करीब पहुंच गई हैं। वहीं नेपाल में पेट्रोल में 2 रुपये और डीजल में 12 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है।

# मां के सीने से लिपटा मिला 4 साल का मासूम

## *जबलपुर क्रूज हादसे में अब तक 9 मौतें, कई लोग अभी भी लापता*



**जबलपुर ● एजेंसी**

जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 23 लोगों को बचाया जा चुका है। अभी भी आधा दर्जन से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जब एक मां का शव उसके चार साल के मासूम बेटे को सीने से लगाए मिला, तो वहां मौजूद हर शख्स की रूह कांप उठी। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह की आंखें भी नम हो गईं। दिल्ली के रहने वाले प्रदीप कुमार इस हादसे में किसी तरह बच गए, लेकिन उनकी पत्नी और चार साल का बेटा अब भी लापता हैं।

### बच्चे ने तैरकर बचाई जान

क्रूज के डूबने पर उसमें सवार 14 वर्षीय बच्चा जफर अली जान बचाने के लिए नदी में कूद गया। जफर तेज बहाव में तैरते हुए किनारे आ गया और वह पूरी तरह से सुरक्षित है।

## पापा मिले तो हाथ पकड़ लिया, मां और भाई लापता हैं, नानी मर गई

**जबलपुर क्रूज हादसे में बची एक बच्ची ने कांपती आवाज में हादसा का मंजर बयां करते हुए बताया कि एकदम से क्रूज पलट गया था, पूरे क्रूज में बाढ़ आ गई। सब तितर- बितर हो गए। मुझे किसी तरह मेरे पापा मिल गए तो मैंने हाथ पकड़ लिया। मेरी मां और भाई नहीं मिल रहे। नानू मिल गए हैं, लेकिन नानी मर गई, डेड बॉडी मिली।**

# ट्रेन में हो रही थी बच्चों की तस्करी उज्जैन-नागदा में 26 नाबालिग छुड़ाए

**उज्जैन ● एजेंसी**



उज्जैन रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात बच्चों की तस्करी की सूचना पर बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन को उज्जैन और फिर नागदा स्टेशन पर रोककर पुलिस, बाल कल्याण समिति और अन्य विभागों की टीम ने 26 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाल कल्याण समिति को सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है। गुरुवार रात करीब 11 बजे जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की। करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें शुरुआती तौर पर 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई। इसके बाद ट्रेन को नागदा में रुकवाया गया। वहां भी 22 नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। नागदा से उतारे गए सभी बच्चे नाबालिग बताए जा रहे हैं, जिनमें से दो की उम्र 14 साल से भी कम है।

## ईरान पर अंतिम प्रहार करेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच 'यूएस सेंट्रल कमांड' द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के विकल्पों पर विस्तार से ब्रीफिंग दी है। इस ब्रीफिंग से साफ संकेत मिलता है कि वॉशिंगटन अब कूटनीति के साथ-साथ सैन्य दबाव को भी तेज करने और ईरान पर अंतिम प्रहार करने के मूड में है। इस 45 मिनट की लंबी ब्रीफिंग में ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई की नई और आक्रामक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई है।

## इमरान खान की आंखें हुई खराब मांगी रिहाई

**रावलपिंडी.एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत लगातार बिगड़ रही है। उनकी आंखों की रोशनी घटकर सिर्फ 15 प्रतिशत रह गई है। ऐसे में इमरान के वकील ने अदालत से उनकी रिहाई और बेहतर इलाज की मांग की है। इमरान खान के वकील ने बताया कि जेल में लंबे समय तक अकेले रहने और आंखों के संक्रमण की वजह से उनकी हालत बिगड़ती जा रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ...



*ऐसा कैसा मजदूर दिवस*

### मालकिन ने मजदूर महिला को जड़े 11 थप्पड़

**बरेली.एजेंसी।** आज देशभर में मजदूर दिवस मनाया जा रहा है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के बरेली से एक महिला मजदूर पर अत्याचार का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि घरों में साफ-सफाई का काम करने वाली एक महिला को उसकी मालकिन ने 8 महीने से मजदूरी नहीं दी। इसी बीच काम करने वाली महिला की तबीयत खराब हो गई तो उसकी मां 8 महीने की मजदूरी मांगने मालकिन के घर पहुंची। मालकिन ने मजदूरी देने के बजाए मजदूरी करने वाली महिला की मां को एक के बाद एक करके 11 थप्पड़ मारे।

### आंधी, तूफान, बारिश से 32 की मौत

**शुक्रवार.एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच उत्तरप्रदेश, बिहार, कर्नाटक में आंधी, तूफान के साथ बारिश हुई और बिजली भी गिरी जिससे 32 लोगों की मौत हो गई। उप्र में 17, बिहार में 5 और कर्नाटक में 10 लोगों की जान गई।



# कांग्रेस के चक्काजाम को लेकर बैठक

## प्रदेश कांग्रेस से आया है किसानों की समस्या पर फरमान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रभार में भी परिवर्तन कर रही है और अपने नेता और कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रही है। प्रदेश भर में कांग्रेस ने किसान का मुद्दा उठा रखा है। समर्थन मूल्य में किसानों के गेहूं बेचने में आ रही परेशानी का मुद्दा कांग्रेस ने उठा रखा है और इसी किसान समस्या मुद्दे पर प्रदेश व्यापी चक्काजाम कांग्रेस कर रही है। मंडी में आ रही तुलाई की परेशानी, भुगतान और बैठने की व्यवस्था, पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस ने यह मुद्दा बनाया है। 7 मई को एक साथ कांग्रेस पूरे प्रदेश के हाईवे पर चक्काजाम करेगी, इसी कड़ी में इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल के मार्गदर्शन में कांग्रेसी चक्काजाम करेंगे। अभी स्थान तय नहीं हुआ, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि आम्बेडकर नगरी महू के पिगडम्बर एबी रोड पर यह जाम किया जाए। इस मुद्दे पर हर विधानसभा में बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस ने शुरू किया। कल राऊ विधानसभा की बैठक विपिन वानखेडे, दौलत पटेल, गजेन्द्रसिंह सिसौदिया, जीतू ठाकुर, भूपेन्द्र गुर्जर, अशोक चौधरी, राजेश पटेल, कमल नागर सहित अन्य की मौजूदगी में की गई। आज आम्बेडकर नगरी महू विधानसभा की बैठक आयोजित की जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े मौजूद रहकर विधानसभा स्तर पर कांग्रेसियों से चर्चा कर ज्यादा से ज्यादा चक्काजाम में कांग्रेसी पहुंचे इसकी जुगत कर रहे हैं।

# शहर कांग्रेस भी लगाएगी अन्नदाता किसान के लिए ताकत

### दोनों अध्यक्ष मिलकर तय करेंगे आज जगह, बैठक के दौर भी चलेंगे, शहरी नेता भी जाएंगे, चक्काजाम में शिरकत करने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर और जिला कांग्रेस मिलकर अन्नदाताओं की बड़ी लड़ाई 7 मई को लड़ने जा रही है। जिला कांग्रेस ने जहां रोजाना अलग-अलग विधानसभाओं में बैठक के दौर शुरू कर दिए हैं वहीं शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से लेकर मंडलम पदाधिकारियों तक से चर्चा कर इंदौर शहर से ज्यादा से ज्यादा पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों के हित में होने वाले 7 मई के चक्काजाम में पहुंचे, इसकी तैयारी शहर कांग्रेस ने शुरू कर दी है, फोन लगाना भी शुरू कर दिए हैं। शहर कांग्रेस रविवार को दो ब्लॉक और अन्य बैठक करेगी, जिसमें चक्काजाम को लेकर दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे। आज शहर और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक दोपहर में होगी। इसमें आन्दोलन की रूपरेखा और जगह तय की जाएगी। संभावना है कि राऊ और महू के बीच पिगडम्बर में यह चक्काजाम किया जाए, जिसमें शहर के अलावा सभी विधानसभाओं से कांग्रेसी चक्काजाम में पहुंच जाए। शहर और जिला कांग्रेस मिल जुलकर किसानों के हित की लड़ाई लड़ेगी।

# कांग्रेसियों ने की बुद्ध वंदना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भगवान गौतम बुद्ध की जन्म जयंती आज मनाई जा रही है। कल पूर्व संध्या पर वीआईपी परस्पर नगर में शहर कांग्रेस अनुसूचित जाति के उपाध्यक्ष और सत्य शोधक समाज के राहुल मांडले ने अनुयायियों के साथ प्रतिमा पर पूजन किया। भगवान बुद्ध को याद कर दीपक लगाए और भगवान बुद्ध के उस



स्लोगन को याद किया जिसमें उन्होंने कहा कि अपने दीपक स्वयं बनो, अपने प्रकाश खुद बनो। कैंडल प्रज्जवलित किए गए, केक काटकर बधाई दी गई। हुकुमचंद जादम, सुनील यादव, दीपक मलोरिया रानू, मुनव्वर शेख, आतिश बिंजवा, राजीव शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा महिला नेत्रियों ने कांग्रेस का पुतला फूंका

## पहले निकाली अधिनियम को लेकर जन आक्रोश रैली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महिला आरक्षण सदन में पास नहीं हुआ इस मुद्दे पर पूरे देश के साथ प्रदेश और इंदौर में भी भाजपा की मातृशक्तियां कांग्रेस का विरोध कर रही है। कल इंदौर में भी भाजपा महिला मोर्चा की मातृशक्तियों ने जन आक्रोश रैली निकाली। कांग्रेस की अर्थी साथ में लेकर चिकमंगलूर चौराहा से श्रीराम मंदिर खातीपुरा तक मातृशक्तियां शामिल हुई, कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। कांग्रेस की अर्थी खातीपुरा मंदिर के बाहर दहन हुई। चिकमंगलूर चौराहा पर मंच बना हुआ था





और भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता नीचे खड़े थे और भाजपा नेत्रियां मंच पर मौजूद रही। केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, अंजू माखीजा, आलोक दुबे, शैलजा मिश्रा, श्रेष्ठा जोशी, दीप्ति हाडा, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव, शैलजा मिश्रा, वृंदा गौड, पद्मा भोजे, निधि बंग, सोनाली धारकर, पूजा पाटीदार, राधा ठाकुर, सविता अखंड, रचना गुप्ता, माधुरी जायसवाल, शिखा दुबे, भावना चौधरी, वरुण पाल, नितिन शर्मा, रूपाली पेंढारकर, शीला गुप्ता, सुनीता पीपलोदीया, सुनीता जयपाल, गायत्री कुमावत, राधा राठौर, नारायणी बरेठा, बुलबुल वर्मा, गीता राजपूत, सोनिका केजरीवाल मौजूद थे।




# जीतू पटवारी को लिखा टोनेरे ने पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को सांवेर विधानसभा के वार्ड 35 से पार्षद के दावेदार राजा टोनेरे ने खुला पत्र लिखा और कहा कि गुजरात निकाय चुनाव से प्रदेश कांग्रेस को सबक लेना चाहिए, चुनावी गलतियों से सीखने की जरूरत के मुताबिक ध्यान देना चाहिए।**

जिन्हें प्रभारी बनाया जाता है और उनकी अनुशंसा पर जो उम्मीदवार होते हैं वे किस स्तर पर हारे उस पर मंथन करना चाहिए। टोनेरे ने कहा कि जिन्हें प्रभारी बनाते हैं वे उम्मीदवारों से व्यवस्था और सूटकेश लेकर पार्टी और जनता दोनों का भविष्य बेच देते हैं। पैसों वालों की चरणवंदना के कारण आज कांग्रेस विपक्ष में हैं। कांग्रेस के कुछ दीमक टाइप के नेता पार्षद चुनाव को छोटा समझते हैं, जबकि भाजपा निचले स्तर पर काम करती है और पार्षद के चुनाव को भी बड़े रूप में लेती है। टोनेरे ने यहां तक लिखा कि चुनाव के काफी पहले तैयारी की जाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस हमेशा कहती है अभी समय है कर लेंगे, हो जाएगा, जिसके कारण रायता फैल जाता है, पार्षद ही विधायक और सांसद के साथ विधानसभा और लोकसभा में सरकार बनाने की नींव होते हैं और बिना नींव के मकान नहीं बन सकता, वैसे ही सरकार नहीं बन सकती है। पार्षद के उम्मीदवार काफी पहले ही घोषित किया जाना चाहिए, जिससे उन्हें समय मिले और लोगों के घर-घर तक जाए, साथ में भाजपा के पार्षदों के खिलाफ तैयारी कर सके। प्रत्याशी जितनी देर से घोषित होते हैं उतना कांग्रेस संगठन को नुकसान होता है और टिकिट बेचवाल दलालों को उतना फायदा होता है। उक्त पूर्ण जानकारी राजा राजकुमार टोनेरे ने दी।

## भगवान नरसिंह और माता लक्ष्मी के किए भार्गव ने दर्शन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान की कल जन्म जयंती मनाई गई। नरसिंह मंदिर नरसिंह बाजार और छत्रीबाग में आस्था की दरकार दिखी। सांसद शंकर लालवानी ने मंदिर में शिरकत की। वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा पिछड़ा वर्ग से जुड़े जीतू कुशवाह सहित अन्य ने दोनों मंदिरों पर पहुंचकर लक्ष्मी-नरसिंह भगवान के दर्शन किए और कल्याण की कामना भी की।

## विद्यार्थी परिषद ने जताया एसडीएम कार्यालय पर विरोध

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महू नगर द्वारा महू गांव स्थित तहसील कार्यालय पर शैक्षिक विषय एवं सामाजिक विषयों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पूर्व में भी ज्ञापन दिया गया था, उस पर कार्रवाई नहीं हुई तो अब एसडीएम कार्यालय पर फिर से प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। एबी रोड स्थित कॉलेजों के साथ गतिरोध निर्माण की मांग, उपनगरीय बस सेवा द्वारा ओवर लोडिंग की रोकथाम, सिटी बस स्टॉप का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य करने सहित अन्य मांग को लेकर यह कार्य किया गया। नगर मंत्री शिवांक द्विवेदी ने उक्त जानकारी दी।



## हेलमेट में छूट की मांग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं मदन परमालिया ने इस भीषण गर्मी में वाहन चालकों को हेलमेट लगाने में छूट देने एवं यातायात सिग्नल नियमों में दोपहर में छूट देने की मांग कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर से की है। 40 से अधिक तापमान में चालकों को हेलमेट लगाना कष्टदायक साबित हो रहा है, इसलिए हेलमेट और दोपहर में रेड लाइट से वाहन चालकों को राहत दी जाना चाहिए। यह दोनों राहत केवल गर्मी के सीजन में दी जाएं। अगर रेड लाइट में छूट नहीं देना है तो चौराहों पर लाल बत्ती का समय कम किया जाए। पटेल और परमालिया ने कहा कि गुजरात के कुछ शहरों में गर्मी के चलते दोपहर में ट्रैफिक सिग्नल बंद रखने या उनका समय घटाने की पहल की गई है, जिससे लोगों को तपती सड़क पर खड़ा न होना पड़े, उन्होंने कहा 'हमारा उद्देश्य नियमों का उल्लंघन करना नहीं, बल्कि इस 'चिलचिलाती गर्मी' में नागरिकों को लू और डिहाइड्रेशन से बचाना है। प्रशासन को मानवीय आधार पर यह कदम उठाना चाहिए।' इसके अलावा भी पटेल और परमालिया ने मिस्ट कूलिंग सिस्टम फव्वारे और जल सेवा व्यवस्था की मांग की है।



## भाजपा नेता ने कराया राम नाम लेखन को प्रतिष्ठित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

संस्था पुरुषार्थ के अध्यक्ष नानुराम कुमावत ने बताया कि संस्था द्वारा विगत 31 जुलाई 2017 को 100 करोड़ राम-नाम लेखन महायज्ञ क्री शुरूआत की गई। अब राम-नाम पत्रक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सालासर मंदिर कनाड़िया रोड शिवशक्ति नगर मंदिर में मूर्तियों के सिंहासन में प्रतिष्ठित किया गया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प पूर्ण होने के बाद कनाडिया रोड़ शिवशक्ति नगर पर बन रहे नए सालासर बालाजी मंदिर की मूर्तियों की वेदी की नींव में ये सभी पत्रक रखे गए। विधायक महेन्द्र हार्डिया, नानूराम कुमावत, प्रणव मंडल, राजीव जैन, राधेश्याम शर्मा, सुभाष गोयल, स्वामी दास कुमावत, पन्नालाल कुमावत, हीरालाल कुमावत, भंवरलाल कुमावत, पुरुषोत्तम स्वामी मौजूद थे।

## खराब डेमो इंजनों से ट्रेन चलाई जा रही है

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिम रेलवे सलाहाकार समिति मुंबई के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने पश्चिम रेलवे मुंबई के महाप्रबंधक को शिकायत की है कि डॉक्टर अंबेडकर नगर (महू) से रतलाम चलने वाली चार डेमू ट्रेनों को काफी पुराना कोचेस से चलाई जा रही है। वही डेमो ट्रेनों के इंजन भी चलती ट्रेन में अचानक बंद हो जाते हैं। इंजन बंद होने से कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है। वर्मा ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक को लिखे पत्र में डेमू ट्रेनो के कोचेस एवं चलती ट्रेन इंजन में बंद होने वाले इंजनों को बदलने की पुरजोर माँग की है।

## 'अपने-अपने श्याम' सुनाएंगे कुमार विश्वास

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कवि कुमार विश्वास द्वारा दो दिवसीय 'अपने-अपने श्याम' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। अधिकतर 'अपने-अपने राम' सुनाने वाले कुमार विश्वास इन्दौर में पहली बार 'अपने-अपने श्याम' सुनाएंगे। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन अपनी शैली में करेंगे। एक इवेंट कम्पनी के साथ माहेश्वरी समाज जिला इन्दौर भी इस कार्यक्रम में इवेंट पार्टनर है। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री पप्पू ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। आयोजन के लिए फिलहाल जगह और व्यवस्थाएं तय नहीं की गई है।



**30 और 31 मई को होगा दो दिवसीय कार्यक्रम**



## पार्षद ने किया सफाई मातृशक्तियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महापौर योग मित्र केन्द्र पर पार्षद जीतू राठौर की मौजूदगी में सफाईकर्मी मातृशक्ति बहनों का सम्मान किया गया।**

## तीन दिनों तक हापुस आम का स्वाद चखने को मिलेगा, मैंगो जत्रा का आयोजन कर रहा है मराठी ग्रुप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मराठी सोशल ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय मैंगो जत्रा 8 मई से आयोजित होगा। वास्तविक हापुस की अलग-अलग वैरायटी यहां ग्रामीण हाट बाजार में सुबह 9 से रात तक नजर आएगी। तीन दिनों तक वास्तविक हापुस आम का स्वाद इंदौरी और बाहरी शौकीन भी चख सकेंगे। 24 से ज्यादा आम उत्पादक मौजूद रहेंगे। तृप्ति महाजन, सुमेदा वावकर ने बताया कि रत्नागिरी, देवगढ़, कोंकण सहित अन्य जगह के आमों के अलावा शौकीन मराठी व्यंजन और इंदौरी चौपाटी का भी लुत्फ ले सकेंगे।

## कांग्रेस ब्लॉक की कमेटियां रविवार को बनाएंगी

***मंडलम कमेटियों को लगेगा 15 दिन, उसके बाद मोहल्ला कमेटी का नम्बर***

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि रविवार 3 मई को दो ब्लॉक कमेटियों की बैठक आयोजित होगी, जिसमें आगामी कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ मंडलम स्तर पर कैसे केन्द्र, प्रदेश और निगम सरकार के खिलाफ आन्दोलन किया जाएगा। वहीं संगठन को कैसे मजबूत किया जाए, उस पर भी चर्चा और मार्गदर्शन होगा। साथ ही दो ब्लॉक कमेटियों का निर्माण भी किया जाएगा। चौकसे ने कहा कि मंडलम कमेटियां जो 30 जून तक बनाई जाना था वे 15 मई तक पूरी होंगी। मंडलम कमेटियां बनने के बाद ही मोहल्ला कमेटी कांग्रेस के पास पहुंचेगी।

## भूतड़ा बनी वीनर



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंडियन कल्चरल फैशन शो की वीनर इंदौर की डॉ. दीप्ति-रूपेश भूतड़ा बनी। भूतडा को माहेश्वरी समाजजनों ने बधाई दी।

## पूर्व विधायक संजय शुक्ला का नेपाल में सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व विधायक संजय शुक्ला को नेपाल में कोविड के अन्दर निस्वार्थ सेवा करने और लोगों को भोजन, चिकित्सा सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। संजय शुक्ला इसके लिए नेपाल पहुंच चुके हैं।**

# इकोनामिक कॉरिडोर की भूमिपूजन में भीड़ जुटाने की चुनौती

## ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को लाकर कार्यक्रम में सहभागी बनाने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में 3 मई को इंदौर में एयरपोर्ट के पास इकोनामिक कॉरिडोर का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया है। इस समारोह के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। इस कार्यक्रम में सबसे बड़ी चुनौती भीड़ को जुटाने के सामने आ रही है। अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लाकर भीड़ जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

इंदौर–पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के भूमि पूजन कार्यक्रम 3 मई को ग्राम नैनोद में आयोजित किया जा रहा है। वैसे तो यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा आयोजित किया जा रहा है लेकिन इस कार्यक्रम की व्यवस्था को आकार देने में जिला प्रशासन से लेकर सारे विभाग लगे हुए हैं। यही कारण है कि इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने कल कलेक्टर शिवम वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन तथा एमपीआईडीसी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिमांशु प्रजापति व विधायक राऊ मधु वर्मा पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण करते हुए आपसी समन्वय से कार्य सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

अधिकारियों ने आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के लिए प्रभावी कार्ययोजना लागू करने के निर्देश भी दिए। प्रस्तावित इंदौर–पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। आगामी 3 मई को ग्राम नैनोद में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होना है।

इस कार्यक्रम में लोगों की भीड़ जुटाना के लिए अब यह तय किया गया है कि जिन गांव की जमीन से यह कॉरिडोर बन रहा है उन गांव के लोगों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता के साथ सहभागी बनाया जाएगा। यह क्षेत्र सुपर कॉरिडोर से लगा हुआ क्षेत्र है। इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में मधु वर्मा के द्वारा सुपर कारिडोर क्षेत्र के गांव गांव में जाकर किसानों से संवाद किया गया था और उन्हें अपनी जमीन देने के लिए तैयार किया गया था। ऐसे में इस क्षेत्र के गांव में मधु वर्मा का संपर्क अच्छा है। ऐसी स्थिति में प्रशासन के द्वारा मधु वर्मा को आगे करते हुए ही ग्रामीण क्षेत्र से इस कार्यक्रम में भीड का प्रबंध करने की तैयारी की गई है।

# मालवा उत्सव के लिए दशहरा मैदान पर हुआ भूमिपूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शिल्पकार और कलाकारों का कुम्भ कहा जाने वाला मालवा उत्सव 6 मई से शुरू होगा। इसके लिए आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। हर वर्ष लालबाग में



**शिल्पकार और कलाकारों का कुम्भ होगा 6 मई से शुरू**

आयोजित होने वाला यह मेला इस बार दशहरा मैदान पर आयोजित हो रहा है। शहर के लोगों की मालवा उत्सव को लेकर रूचि बनी रहती है। इस उत्सव में एक ओर जहां जमकर खरीददारी होती है, स्टाल्स लगाए जाते है वहीं दूसरी ओर कलाकारों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केन्द्र होती है। बताया जा रहा है कि करीब 20 राज्यों के 400 कलाकार इसमें प्रस्तुतियां देंगे। हर वर्ष यह लालबाग में आयोजित होता है लेकिन लालबाग में विकास कार्य जारी है इसलिए इस वर्ष स्थान परिवर्तन किया गया है। लोक संस्कृति मंच के बैनरतले यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज सुबह विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस दौरान आयोजन समिति से जुडे कई लोग मौजूद थे।

# कबीटखेड़ी में नए ट्रीटमेंट प्लांट का काम शुरू

## दिसंबर तक प्लांट को तैयार करने के निर्देश ड्रेनेज के पानी का होगा ट्रीटमेंट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





**कबीटखेड़ी में ड्रेनेज के पानी का ट्रीटमेंट करने के लिए नया संयंत्र स्थापित करने का काम शुरू हो गया है। इस प्लांट को दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्लांट के माध्यम से ड्रेनेज के पानी का ट्रीटमेंट हो जाने से गंदा पानी बहने के लिए नहीं जाएगा।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कबीटखेड़ी स्थित निर्माणाधीन 120 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का आज सुबह निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जल कार्य एवं ड्रेनेज प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा, अपर आयुक्त आशीष पाठक मौजूद रहे। भार्गव ने कहा कि इंदौर को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए एक समग्र दृष्टि पर काम किया जा रहा है। जहां एक ओर नर्मदा परियोजना के चौथे चरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, वहीं शहर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जलूद में सोलर प्लांट भी शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के साथ-साथ सीवरेज ट्रीटमेंट का कार्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बढ़ती जनसंख्या और शहरी विस्तार को देखते हुए सीवरेज प्रबंधन को सुदृढ़ करना आवश्यक हो गया है। इसी दृष्टि से कबीटखेड़ी में 120 एमएलडी क्षमता का यह प्लांट तेजी से तैयार किया जा रहा है। यह परियोजना निर्धारित समयसीमा के अनुसार मार्च 2027 तक पूर्ण कर ली जाएगी। हमने इस काम को दिसंबर के महीने तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट क्षमता को और बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। जिस विज़न और संकल्प के साथ इस परियोजना की शुरुआत की गई थी, वह अब धरातल पर तेजी से साकार हो रहा है। यह प्लांट न केवल स्वच्छता को नई मजबूती देगा, बल्कि इंदौर को पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी एक नई पहचान दिलाएगा।

# मजदूरों को भगवान बुद्ध के जयकारों के साथ मिली खीर



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। द बुद्धिस्ट सोशल ग्रुप से जुड़े मुकुल वाघ ने बताया कि आज बुद्ध पूर्णिमा पर पूजन के बाद शीतला माता बाजार मजदूर चौक पहुंचकर वहां भी भगवान बुद्ध की पूजा की और लड्डू के अलावा खीर का वितरण भी किया गया। इस दौरान मजदूरों को नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया। मजदूरों को भगवान बुद्ध के पंचशील मार्ग से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। लक्ष्मण वाघ, मुकुल वाघ, आनंद वाघ, आरुष वाघ, गौतम मौरे, रवि धुरंधर, संतोष प्रधान, कपिल प्रधान, आकाश वाघोते, गौतम खांडेराव,आर्या वाघ मौजूद थे। साथ में शीतला माता बाजार मजदूर यूनियन के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# 4269 कर्मचारी मकान की गणना के लिए सड़क पर निकले

## नागरिकों से अपील कर्मचारियों को करें सहयोग और दें जानकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

## जनगणना अभियान का पहला चरण आज सुबह से शुरू

जनगणना अभियान के पहले चरण में मकान की गणना का काम आज सुबह से शुरू कर दिया गया है। इसके लिए 4269 कर्मचारी सड़क पर निकल गए हैं। इसके साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वह कर्मचारियों को सहयोग करें और मकान की गणना में सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

जनगणना का अभियान दो चरण में आयोजित किया जाना है। इसमें पहले चरण के तहत आज से 30 दिन के लिए मकान की गणना का काम शुरू हुआ है। गणना का काम करने के लिए 4269 कर्मचारी आज सुबह सड़क पर निकल गए और वह अलग-अलग घरों पर जाकर दस्तक देने लगे। इस दौरान हर मकान पर एक नया नंबर डालने का काम भी शुरू कर दिया गया है। जनगणना के तहत ही पिछले दिनों जो नंबर डाला गया था वह नंबर तो मोटे तौर पर आकलन का नंबर था। अब उस नंबर का कोई मतलब नहीं रहेगा। अब हर मकान पर नए सिरे से एक और नया नंबर डाला जाएगा। यह नंबर ही महत्वपूर्ण नंबर होगा और आने वाले समय में मकान के नंबर के रूप में पहचाना जाएगा।

कर्मचारी जिस भी मकान पर गणना का कार्य करने के लिए पहुंचेंगे उस मकान पर पहले यह नया नंबर डाला जाएगा उसके बाद में इस मकान में रहने वाले लोगों से कर्मचारियों के द्वारा जाकर 32 प्रश्नों के जवाब लिए जाएंगे। इन प्रश्नों के माध्यम से मकान में रहने वाले व्यक्ति के जीवन के स्तर का आंकलन हो जाएगा। सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण के माध्यम से यह बता दिया गया है कि उन्हें नागरिकों के घरों पर जाकर किस तरह से व्यवहार करना है और किस तरह से प्रश्न और संबंधित जानकारी उनसे हासिल करना है। इसके साथ ही शासन और प्रशासन की ओर से नागरिकों से भी यह अपील की गई है की जनगणना के राष्ट्रीय महत्व के कार्य को अंजाम देने के लिए उनके निवास पर आने वाले कर्मचारियों को सहयोग करें और उन्हें पूरी तरह से सही जानकारी उपलब्ध करवाएं।

**ड्यूटी कैंसिल करने की कोशिश होती रही-** जनगणना का अभियान आज से शुरू होने के ठीक पहले तक जिन कर्मचारियों की ड्यूटी इस अभियान में लगाई गई है उन कर्मचारियों के द्वारा अपनी ड्यूटी को कैंसिल करवाने की कोशिश की जाती रही। कल भी नगर निगम में अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे के पास ऐसे आवेदन आते रहे जिसमें की ड्यूटी कैंसिल करने की विनती की गई। कल ही इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकाल अधिकारी डॉ परीक्षित झाड़े की ओर से भी प्राधिकरण के 27 कर्मचारियों की ड्यूटी कैंसिल करने के लिए चिट्ठी भेजी गई थी। इस चिट्ठी के आधार पर इस सूची में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों में से 11 की ड्यूटी कैंसिल की गई है।

# 23 मास्टर प्लान की सड़कें बननी थीं, 33 माह में 13 भी नहीं बनी

**केन्द्र सरकार की आर्थिक मदद के बावजूद समय पर नहीं बना सके सड़कें**

**जनकार्य विभाग में छाई सुस्ती, जनप्रतिनीधि और अफसर नहीं दे पा रहे सुविधा**

**रहवासी बोले 6 माह पहले टूटा था, नया मकान नहीं बना पाए**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर में मास्टर प्लान की 23 सड़कों का निर्माण नगर निगम द्वारा किया जाना है, इसके लिए केन्द्र सरकार ने नगर निगम को 450 करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता भी दी है ताकि शहर में यातायात सुगम और नागरीकों को सड़क की सुविधा मिल सके, लेकिन बीते 33 माह में नगर निगम ने 13 मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण कार्य को आरंभ किया, लेकिन एक भी सड़क पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। जबकि सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए नगर निगम ने सैकड़ों मकानों को तोड़ा, अब अधूरा निर्माण रहवासियों के लिए बड़ी परेशानी बन रहा है। सड़क निर्माण नहीं होने कारण लोग घरों में दरवाजे, खिड़की नहीं लगा पा रहे है, पेयजल, सुरक्षा सहित अन्य असुविधा झेल रहे है।

### रहवासियों और व्यापारियों ने बताई परेशानी

1. मालवीय नगर निवासी अजय यादव ने बताया दीपावली से पहले निगम ने कार्रवाई कर 350 मकानों के बाधक निर्माण हटाएं थे, लगभग 6 माह का समय बीत चुका है, सड़क का निर्माण अधूरा है, जिसके चलते टूटे मकानों की रिपेरिंग संबंधी निर्माण कार्य नहीं हो रहें, घरों खिड़की, दरवाजे तक नहीं लगा पाए है। वाहन रखने की जगह नहीं घर से आना जाना मुश्किल है, पानी की लाइनें ठीक से नहीं डल पाई, जिससे जल संकट भी बना है। ठेकेदार धीमीगति से काम कर रहा है, दो माह बाद बारिश आ जाएंगी।
2. इसी तरह रावजी बाजारा सड़क का निर्माण कार्य भी धीमीगति से चल रहा है, सड़क अधूरी होने के कारण रहवासी और राहगीर दोनों परेशान है, जूनी इंदौर चौराहे से लेकर रावजी बाजार थाना तक सड़क बनाई जानी है। कूलर विक्रेता वीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगम ने आधी सड़क बनाई है, फुटपाथ अधूरा है, बारिश में परेशानी उठानी होगी।
3. भमौरी से एरो प्लेन चौराहे तक मास्टर प्लान की सड़क जारी है, यहां अतिक्रमण हटाए जाना है, जहां स्थान उपलब्ध है वहां खुदाई का धीमा काम चल रहा है, तीन माह बीत चुके है, ठेकेदार धीमीगति से काम कर रहा है।

### इन सड़कों का निर्माण अधूरा

1. वीर सावरकर प्रतिमा से नेहरू नगर रोड नंबर 9 होते हुए अटल गेट तक, यहां बाधक निर्माण हटाना बाकी।
2. मधुमिलन चौराहा से छावनी चौराहा होते हुए जगन्नाथ धर्मशाला तक।
3. जीपीओ से संयोगितागंज, छावनी, श्रद्धानंद मार्ग होते हुए सरवटे बस स्टैंड तक।
4. जिंसी चौराहा से सुभाष मार्ग होते हुए रामबाग पुल तक ।
5. जिंसी चौराहा (सुभाष मार्ग) से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक।
6. सुभाष मार्ग से कडिलपुरा होते हुए इंदौर वायर फैक्टरीतक।
7. गुटकेश्वर महादेव मंदिर किला मैदान रोड से जूना रिसाला होते हुए सदर बाजार तक ।
8. नेमीनाथ चौराहे से जिन्सी चौराहे तक सड़क का विकास कार्य।
9. मच्छी बाजार चौराहे से चन्द्रभागा पुल तक सड़क का विकास कार्य
10. जमजम चौराहे से स्टार चौराहे तक।

### मास्टर प्लान की इन सड़कों का निर्माण होना बाकी

1. एडवांस एकेडमी से निपानिया होते हुए रिंग रोड तक।
2. एमआर-5 बड़ा बांगड़दा से प्रधानमंत्री आवास योजना की मल्टी तक।
3. सांवेर रोड पेट्रोल पंप से शिव शक्ति नगर हनुमान मंदिर तक।
4. एमआर-10 टोल नाका से ग्राम भांग्या-कुमेड़ी से होते हुए एमआर-12 तक।
5. इंदौर बायपास (होटल प्राइड) से सिटी फॉरेस्ट व एलएचपी तक।
6. एमआर-9 से एलआइजी लिंक रोड वाया मालवीय नगर गली नंबर 2 तक।

**वर्जन-** मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो ठेकेदार काम लेकर बैठे है, काम नहीं कर रहे उसने काम वापस लिए जाएं, जिन ठेकेदारों ने काम की गति नहीं बढ़ाई उनकी रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है।

**-क्षितिज सिंघल, निगम आयुक्त**

वर्जन- जिन स्थानों पर नगर निगम ने साइड क्लीयर कर दी है वहां ठेकेदारों को तेजी से काम करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो जल्द ही ठेका निरस्त करने का निर्णय लिया जाएगा।

**-राजेन्द्र राठोर, जनकार्य**



## यमराज बोले- असमय मृत्यु से बचो, नियम पालो

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत छप्पन दुकान और राजवाड़ा पर यमराज की भूमिका में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कराई गई। थिएटर ग्रुप के अर्जुन नायक ने यमराज चित्रगुप्त के प्रतीक के रूप में कलाकारों के माध्यम से दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने की सीख दी, साथ ही शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओव्हर स्पीडिंग के बुरे परिणाम, रेड लाइट पर वाहन स्टॉप लाइन के पीछे खड़ा रखने, वाहन चलाते मोबाइल फोन पर बात नहीं करने जैसे संदेशों को अभिनय के माध्यम से आम जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। यमराज बोले असमय मृत्यु से बचना है तो यातायात के नियम पालो। इस दौरान पुलिस अधिकारी हिन्दूसिंह मुवेल, अरविंद दांगी, राधा यादव, नुक्कड़ नाटक टीम मौजूद थे।

## संभागायुक्त सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों से मिलने पहुँचे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े धार जिले में हुई सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों से मिलने अरबिन्दो अस्पताल पहुँचे। यहाँ उन्होंने अस्पताल प्रमुख डॉ. महक भंडारी से घायलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। संभागायुक्त आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीजों से मिले और उनके उपचार की जानकारी ली। अस्पताल में भर्ती मरीजों में केसर भाई, निर्मला बाई, विक्रम भाई, आशा बाई, बेबी मनीषा और निशा से मिले और उन्हें विश्वास दिलाया कि अस्पताल में सभी का इलाज समुचित रूप सुनिश्चित किया जा रहा है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अस्पताल के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों का उचित उपचार किया जाए। उन्हें समय पर दवाईयाँ और आवश्यक जाँच की जाए। किसी भी मरीज को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



## डी.एस. रणदा हुए सेवानिवृत्त



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर संभागायुक्त कार्यालय के संयुक्त आयुक्त (विकास) डी.एस. रणदा शासकीय सेवा की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत हुए हैं। उनके विदाई समारोह में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि रणदा कार्यालय में सदैव सकारात्मक परिणामों को लेकर आगे रहे हैं। रणदा की जगह अब शिवानी वर्मा करेंगी पदभार ग्रहण जो भोपाल में कार्य देख रही थी।



## एक्सिस ऑडिट टीमों को प्रशिक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा इंदौर जिले में दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक भवनों में बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुगम्य इंदौर अभियान प्रारंभ किये जाने हेतु एक्सिस ऑडिट टीम का गठन किया गया है। होटल में एक्सिस ऑडिट टीमों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. माधव प्रसाद हासानी, पवन चौहान, आशीष कटियार, सुमित सुरी, निधि चौहान,डॉ. डॉली जोशी मौजूद थे। 100 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

### ग्राम सभाओं का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिले में ग्राम सभा एवं वार्ड सभाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि इन सभाओं के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, अधिनियमों के प्रावधान, न्यूनतम वेतन, बाल श्रम/बंधुआ श्रम निषेध आदि की जानकारी दी जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने किया गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



**ख़रगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन जिले में मंडलेश्वर तहसील के कतरगांव और शाजापुर जिले के ग्राम मकोड़ी में गेहूँ उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और मंडी सचिव को निर्देशित किया कि गेहूँ उपार्जन से संबधित सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे निरंतर आकस्मिक दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कतरगांव में कृषक सुरेश पाटीदार की 55 क्विंटल गेहूँ की खरीदी के बाद ई-उपार्जन पोर्टल पर पाटीदार को प्राप्ति ऑनलाइन जनरेट करवाई और कृषक को भुगतान राशि 1 लाख 44 हजार 374 रूपये का प्राप्ति पत्र सौंपा। वहीं किसानों से सीधा संवाद भी किया। खरगोन जिले में महेश्वर विधायक राजकुमार मेव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। शाजापुर जिले में मंत्री इंदरसिंह परमार, विधायक अरुण भीमावद, डॉ. रवि पांडे, हेमराजसिंह सिसौदिया एवं अधिकारी मौजूद थे।



# रीति रिवाज के साथ विवाह आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन ने कल गार्डन में गोस्वामी वर-वधू के विवाह का आयोजन वैदिक रीति रिवाज के साथ कराया। माहेश्वरी समाजजनों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। अतिथि चंद्रप्रकाश हेडा, प्रकाश-शारदा अजमेरा, पुष्प माहेश्वरी, लक्ष्मीकांत बंग, निधि बंग, पवन तिवारी थे जिनका स्वागत किया गया। आयोजन से माधुरी सोमानी, मीना ईनानी सहित अन्य जुडे हुए थे।

## पंकज मिश्रा जिला अध्यक्ष

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री विजय मिश्रा ने संघ के प्रांतीय महामंत्री हरीश बोयत की अनुशंसा पर गोविंदराम सेकसरिया इंजियरिंग कॉलेज के



पंकज मिश्रा को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। नियुक्ति पर उनका सम्मान यूनियन कार्यालय पर किया गया। हरीश बोयत, रामप्रसाद शर्मा, सुरेश करोसिया, राजकुमार पांडे, बलराम गुप्ता, प्रशांत शास्त्री, मनोहर पाल, मनोज मेहना, सुनील शर्मा, डॉ. रजनी पांडे, रेखा त्रिपाठी मौजूद थे।

## निगम से सेवानिवृत्त यादव का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री बाबल साई सेवा मंडल, सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी और सिंधी समाज से जुड़े अनिल आगा ने बताया कि नगर निगम में 35 वर्षों से अलग-अलग पद पर रहकर कल रिटायर हुए सीनियर क्लर्क अधीक्षक मुकेश यादव का सम्मान किया गया।

## ज्ञान मंथन व्याख्यान शाला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

ज्ञान शिखर न्यू पलासिया में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान ने बेहतर सोच बेहतर जिंदगी ज्ञान मंथन व्याख्यान माला के द्वितीय सत्र में ओवरकम ओवर थिंकिंग विषय पर ब्रह्माकुमारी ने विचार व्यक्त किए। यह भी कहा कि मेडिटेशन तथा सकारात्मक जीवनशैली अपना कर अधिक सोच पर पूर्णतः नियंत्रण संभव है। भुवनेश्वरी बहन, कल्पना बहन, हेमलता बहन, अनिता बहन मौजूद थी। यह आयोजन आज और कल शाम को भी होगा। वहीं आज से 7 मई तक एकता समर कैम्प का आयोजन भी शुरू हुआ, जिसमें 6 से 14 वर्ष तक की आयु वाले बच्चें सुबह 9 से 11 बजे तक भाग ले रहे हैं।





## मजदूर दिवस को लेकर विचार गोष्ठी




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** निगम कर्मचारी कामगार संघ ने कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस मनाया। संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महेश गौहर, हिमांशु यादव, प्रमोद डागर, अनिल गौहर, सचिन पथरोड, बालकिशन करोसिया, बादशाह मिमरोट, सीमा नरवाले, राजपाल मेलाने सहित अन्य की मौजूदगी में सोहनलाल शिंदे, सारिका दावरे, सोनाली मिमरोट का सम्मान किया गया।



## आलम महारत्न अवॉर्ड से सम्मानित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कवि कला और कलाकार कल्याण मंच द्वारा मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम को महारत्न इन्दौर अलंकरण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। लम्बे समय से आत्मरक्षा प्रशिक्षण का काम सईद आलम कर रहे हैं। सम्मान के दौरान जयदीप पचोरी, डॉ. विजयकुमार सालविया और अनिता चौहान, जितेन्द्र शिवहरे, एडवोकेट एलएन पुरोहित, राहुल मिश्रा मौजूद थे। दिनेश शर्मा, सुनील कुमार वर्मा, मनोहरलाल सोनी, दामोदर वीरमल, विनोद सोनागिर, विकास शर्मा, मनीष आर्य ने बधाई दी है।

## अंसारी कर्मचारी संघ के वृत्त अध्यक्ष बने

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव रामकेवल यादव ने बताया कि संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष मिलन चौकसे, सचिव रामकिशोर नागपुरे ने बैठक आयोजित कर तकनीकी कर्मचारियों के साथ हो रहा अन्याय और शोषण के खिलाफ संगठित होकर संघर्ष के लिए सर्वसम्मति से टीम बनाई। जाहिद हुसैन अंसारी को तकनीकी कर्मचारी संघ का शहर वृत्त अध्यक्ष बनाया। श्यामलाल यादव, प्रदीप द्विवेदी, असलम खान, राजेश काले, देवेन्द्र बेस, यशवंत यादव, शुभम सिंह, राधा कृष्ण डाबी, विष्णु लोले, धर्मेंद्र मालवीय, दिनेश पाल, धीरज गढ़वाल, भरत देशराज ने अंसारी को बधाई दी।



## सेन समाज के वर्मा का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेन समाज के वरिष्ठ सुभाष वर्मा को अवतरण दिवस पर कल सम्मानित कर बधाई दी गई। रायखेड़ी के पूर्व सरपंच धन्नालाल सराठे ने बताया कि निमाड़ के आदिवासी अंचल में यह अवतरण दिवस मनाया। सुभाष वर्मा, रमेश सेन, निर्मल सेन, लखन सेन, जितेन्द्र सेन, दिनेश सेन, ईश्वर वर्मा, सुखराम सेन, राजू सराठे, मोहन ठाकुर, हरिराम सराठे, फतेहसिंह दरबार मौजूद थे।



## विश्व हास्य दिवस पर ठहाकों का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विश्व हास्य योग महासंघ द्वारा विश्व हास्य दिवस पर अट्टहासों व ठहाकों भरा रंगारंग कार्यक्रम 3 मई रविवार को सुबह 8 बजे से भैय्याजी हास्य एवं योग ग्रुप के संयोजन में नॉर्थ राज मोहल्ला गार्डन में किया जाएगा। आयोजन से कैलाश खंडेलवाल, घनश्याम मित्तल, दिलीप जैन, रमेश मौर्य, राधाकृष्ण भैयाजी, डॉ. डीकी तनेजा, बलराम सबलोक जुड़े हैं। प्रतियोगिता में विजेता क्लबों को सम्मानित भी किया जाएगा। सकोरों का वितरण भी होगा। पर्यावरण संरक्षण सकोरों के वितरण को लेकर सामाजिक चेतना के लिए रैली भी निकाली जाएगी।

## मजदूर दिवस पर काम करने को मजबूर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पेट के लिए काम करना भी जरूरी है चाहे आज मजदूर दिवस हो तो भी मजदूरों ने मजबूरी में काम किया।



## हनुमानजी को लगेगा भोग, होगा भंडारा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्राचीन बाल हनुमान मंदिर गणगौर घाट सेवा समिति छत्रीबाग से जुड़े भाजपा नेता जीतू कुशवाह ने बताया कि कल शनिवार 2 मई की शाम 7 बजे से हनुमानजी को छप्पन भोग, श्रृंगार दर्शन का लाभ श्रद्धालु लेंगे। महाआरती भी की जाएगी और भंडारा का आयोजन भी किया गया है। कई संत, रहवासी भाजपा नेता, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। इधर भंडारा चलता रहेगा और उधर कीर्तन की प्रस्तुतियां भी होगी।

## मीडिया वर्कशॉप पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए कल होगी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के बैनर तले पत्रकारों और पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए 'जर्नी ऑफ ए जर्नलिस्ट' मीडिया वर्कशॉप का आयोजन कल 2 मई शनिवार की सुबह 10.30 बजे से अभिनव कला समाज के सभागार में किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्यागी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे।

# महावीर जयंती की नवकारसी आयोजन विवाद पर नया मोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम को लेकर उत्पन्न विवाद अब और गहरा गया है। श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन ने श्वेतांबर जैन महासंघ न्यास द्वारा 29 अप्रैल को जारी स्पष्टीकरण पत्र पर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज कराते हुए तथ्यात्मक और विधिक उत्तर की मांग की है। प्रेषित पत्र में आरोप लगाया गया है कि महासंघ द्वारा जारी स्पष्टीकरण एकपक्षीय, विलंबित और अप्रमाणित तथ्यों पर आधारित है, जिससे समाज में भ्रम और अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो रही है। गंभीर आरोपों पर सवाल पत्र में महासंघ द्वारा लगाए गए गाली-गलौज और आपराधिक धमकी के आरोपों की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाया गया है। यह पूछा गया है कि यदि आरोप इतने गंभीर थे तो तत्काल पुलिस शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई गई, और क्या इन आरोपों के समर्थन में कोई आधिकारिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। 29 दिन की चुप्पी पर भी प्रश्नचिह्न विवाद के बाद लगभग एक माह तक महासंघ की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आने पर भी सवाल उठाए गए हैं। पत्र में पूछा गया है कि क्या यह स्पष्टीकरण स्वप्रेरित था या सामाजिक दबाव के कारण जारी किया गया।

**29 दिन बाद जारी स्पष्टीकरण पर उठे सवाल**

## इवेंट एजेंसी की स्वीकारोक्ति बनी विवाद का केंद्र

जानकारी के अनुसार, आयोजन से जुड़ी एजेंसी 'अष्टमंगल इवेंट सॉल्यूशन' ने 21 अप्रैल को अपनी त्रुटि स्वीकार करते हुए लिखित क्षमायाचना दी थी। इसके बावजूद महासंघ के स्पष्टीकरण में इसका उल्लेख नहीं होना विरोधाभास पैदा करता है। बैठक प्रक्रिया पर उठे निष्पक्षता के सवाल 13 अप्रैल को हुई न्यासी बैठक में शिकायतकर्ता पक्ष को शामिल न करने पर भी आपत्ति जताई गई है। पत्र में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत 'दोनों पक्षों की सुनवाई' के उल्लंघन की बात कही गई है। यह मामला अब केवल सामाजिक विवाद नहीं रह गया है, बल्कि संस्थागत पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और विधिक पहलुओं से जुड़ा गंभीर मुद्दा बनता जा रहा है। आने वाले दिनों में महासंघ की प्रतिक्रिया इस पूरे प्रकरण की दिशा तय करेगी। उक्त मुद्दा अक्षय जैन द्वारा उठाया गया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर निकली रैली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर भगवान बुद्ध को याद किया जा रहा है। भारतीय बौद्ध



महासभा जिला नगर शाखा व प्रज्ञा महिला संघ इंदौर द्वारा परदेसी पुरा से रैली निकाली गई।



## भजन मंडलियां को सम्मानित किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री परमानंद योग केंद्र खंडवा रोड पर संस्था वागिणी द्वारा 100 भजन मंडलियां को सम्मानित किया। विनिता धर्म, प्रमोद बंडी, योगाचार्य जोशी, अनुजा पंडित,सुधा सुखयानी, प्रेम व्यास, डॉ.शुभांगी शिरढ़ोनकर, तन्वी पंडित भाटवडेकर, निवेदिता आमिन, निमिषा पराडकर, रचना विप्रदास, अर्चना भिसे, सोनाली बोकिल, माधवी तिजारे,मिथुन पंवार, मंगेश भागवत, अपूर्व भोगले पेशवा, मौजूद थे। विशेष रूप से पूर्व विधायक जीतू जिराती, पार्षद प्रशांत बड़वे मौजूद थे।



## सिविल संकाय प्रभारी को दी विदाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता सिविल एएल कुरैशी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। अधिकारी प्रकाशसिंह चौहान, एसएल करवाड़िया, संजय मालवीय, एससी वर्मा, पवन जैन, कुरैशी, श्री पटेल मौजूद थे।

## कविता पाठ प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 31 मई को कवि, कला और कलाकार कल्याण कोष द्वारा आयोजित कवितापाठ प्रतियोगिता में कवि, शायर, रचनाकार मोघे हाल पागनीसपागा में भाग लेंगे। इसके लिए कवि, शायर और रचनाकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। डॉ. दीपा जैन, विष्णुसिंह कुशवाह अतिथि होंगे।

## अंजनी पुत्र हनुमानजी को कल लगेगा छप्पन भोग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माँ अंजनी पुत्र संकट मोचन हनुमान मंदिर मधुमिलन चौराहा भंडारे का आयोजन कल 2 मई शनिवार को समय 7:30 बजे से किया जाएगा। श्रृंगार और छप्पन भोग दर्शन भी होंगे, महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। भंडारा प्रसादी चलित होगी। आयोजन से महेश गर्ग, सुनील गुप्ता, मनोज़ प्रताप, कपिल गोस्वामी जुडे हुए है।

## जैनाचार्य का पट्टाचार्य दिवस मनाया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सेटेलाइट जिनालय में जैनाचार्य चर्याशिरोमणि 108 विशुद्ध सागर म.सा. का प्रथम पट्टाचार्य महोत्सव मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय पर आर्यिका माँ 105 विदक्षश्री माताजी के सान्निध्य में मनाया गया। श्रीजी अभिषेक, शांतिधारा,आरती, विधान, स्वर लहरिया, नृत्य भक्ति का आयोजन किया गया। जैन समाजजन बडी संख्या में मौजूद रहे। महेन्द्र जैन ने उक्त जानकारी दी।



## गुरु टेकचंद महाराज की जयंती पर कलश यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गुरु टेकचंद उत्सव समिति द्वारा गुरु टेकचंद महाराज की जन्म जयंती पर दामोदर धर्मशाला यादव नगर से मातृशक्ति कलश यात्रा का आयोजन गोविंद कालोनी से किया गया। गुरुदेव की आरती कर भोग लगाया और प्रसादी का आयोजन भी किया गया। बडी संख्या में दामोदरवंशीय जूना गुजराती समाजजन मौजूद रहे। समाज के पुरुष भी मौजूद रहे। जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी हुआ। आनंद चौहान, अमित चौहान, मोहनलाल चौहान, दिलीप परमार, कमलकिशोर परमार, मनीष परमार, कन्हैयालाल देवडा, सुनील परमार, किशोर मुंशी, द्रोपदी महेश्वरी, कृष्णवल्लभ-सीमा डाबी, राजेश चौहान, नरेन्द्र बजाज, सुभाष गोयल, महेश चौहान, विशाल साहू, अशोक नायक सहित अन्य मौजूद थे।



## भीषण गर्मी के पीछे छुपा जलवायु सच पर कल जागरूकता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एनिमल लिबरेशन द्वारा इंदौर में डेयरी और जलवायु पर जागरूकता अभियान का आयोजन कल 2 मई की शाम 6 बजे से 8 बजे तक छप्पन दुकान पर एक विशेष जन-जागरूकता पहल आयोजित कर रहा है, जिसका उद्देश्य डेयरी उद्योग के उन पहलुओं को सामने लाना है जिन पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता। इस पहल में डेयरी और बीफ सेक्टर के बीच संबंध, दूध उत्पादन में अत्यधिक जल उपयोग और जलवायु परिवर्तन में इसकी भूमिका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात होगी। भारत में लगातार बढ़ती हीटवेव और जल संकट के संदर्भ में यह अभियान लोगों को प्रेरित करने के लिए तैयार किया गया है कि वे अपने रोज़मर्रा के खान-पान के चुनावों और उनके पर्यावरणीय प्रभाव के बीच संबंध पर गंभीरता से विचार करें। कार्यक्रम स्थल पर एक बड़ा मिल्क कार्टन इंस्टॉलेशन लगाया जाएगा, जिसमें डेयरी उद्योग से जुड़े तथ्य और आंकड़े प्रदर्शित होंगे। इसके आसपास एनिमल राइट्स एडवोकेट्स वीडियो क्लिप्स दिखाकर लोगों से संवाद करेंगे और जागरूकता फैलाएंगे। पूरी व्यवस्था इस तरह तैयार की गई है कि लोग रुकें, देखें, समझें और डेयरी, बीफ उद्योग तथा जलवायु संकट के संबंध पर विचार करें। यह राष्ट्रीय अभियान देश के लगभग 20 शहरों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। सुरेश व्यास, दुर्गा बलानी, अजय किराडिया सहित अन्य की इस आयोजन में भूमिका है।



## रोटरी क्लब ने किया सहयोग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर कैंसर फाउंडेशन को रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर प्रोफेशनल्स और सोनिक बायोकैम ने लाखों का अर्थ सहयोग किया। वहीं देवास की संस्था ने 50 किलो वाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करवाया। रोटेरियन भानु तापड़िया, सुनील अत्री, नितिन दाफरिया क़ा सहयोग रहा।

## आचार्य का प्रवेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी म.सा. का श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन मंदिर गुमाश्ता नगर में मंगल प्रवेश हुआ। संत के प्रवचन में बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।

# 2 करोड़ लागत से बनने वाली क्षतिग्रस्त सर्विस रोड निर्माण के लिए निगम का चौथी बार प्रयास, नहीं मिल रहा ठेकेदार

## निगम कर रहा लगातार तलाश, फिर भी नहीं हो रहा सड़क निर्माण के लिए कोई भी तैयार





**इंदौर।** विधानसभा तीन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 64 में तीन इमली से पवन पुरी कॉलोनी तक लंबे समय से क्षतिग्रस्त सर्विस रोड की जगह लगभग एक करोड़ 99 लाख से ज्यादा की लागत से नवीन सर्विस रोड निर्माण के लिए निगम द्वारा लंबे समय से ठेकेदार की तलाश की जा रही है। उसके बावजूद हालात यह है कि निगम के लाख प्रयास के बाद भी कोई भी ठेकेदार काम हाथ में लेने को तैयार नहीं। इसलिए निगम द्वारा लगातार चौथी बार इस काम के लिए निविदा जारी की है। वहीं निगम द्वारा इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर प्रयास करते हुए जोन 18 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 64 से जुड़ी तीन इमली चौराहे से पवन पुरी कालोनी सर्विस रोड को सुधार कर नई सर्विस रोड निर्माण को लेकर प्रयास किए जा रहे है। हालांकि अब तक किसी ठेकेदार ने यहां के काम के लिए रुचि नहीं दिखाई है, जिसके तहत अब अगले माह 8 मई तक इंतजार किया जाएगा।जिसके बाद निगम द्वारा जारी निविदा के मुताबिक अगले माह की शुरुआत में ठेकेदार की तलाश पूरी होते ही निगम द्वारा हाथों हाथ वर्क आर्डर जारी कर जल्द से जल्द इस सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने की तैयारी है ताकि लोगों को बड़ी राहत मिल जाए।

**ब्रिज निर्माण के चलते सर्विस रोड पर है पूरा लोड, दिन भर लगा रहता है जाम-** इधर, अभी परेशानी यह है कि मूसाखेड़ी फ्लाईओवर निर्माण के चलते वर्तमान में तीन इमली से लेकर पवनपुरी कॉलोनी तक सर्विस रोड पर ही ट्रैफिक का पूरा लोड हो गया है जिसके कारण दिनभर यहां जाम लगा रहता है। इस स्थिति में सर्विस रोड की हालत पहले से और ज्यादा खराब हो चुकी है जिसके चलते निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों की मांग पर लंबे समय से टेंडर प्रक्रिया के तहत निविदा जारी कर ठेकेदार की तलाश की जा रही है ताकि बारिश से पहले सर्विस रोड का निर्माण शुरू हो जाए जिससे यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को मानसून सीजन के दौरान परेशानी नहीं हो।

## अगरबत्ती चौक के पीछे की गलियों में सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण शुरू होगा

**इंदौर।** विधानसभा दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 में कुलकर्णी नगर से अगरबत्ती चौक के पीछे की गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों की बजाय निगम का प्रयास है कि यहां नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाए। जिसको लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ निगम भी लगातार रहवासियों की मांग पर प्रयास कर रहा है लेकिन तीसरी बार प्रयास के बाद भी फिलहाल कोई ठेकेदार काम करने को तैयार नहीं है।

**एक बार फिर से प्रयास कर अगले माह तक होगा इंतजार –** जिसके चलते ऐसी स्थिति में निगम ने एक बार फिर से प्रयास कर कुलकर्णी नगर और आसपास के एरिया में अगरबत्ती चौक सहित अन्य गलियों में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के लिए एक बार फिर से निविदा जारी की गई है। जिसके तहत अगले माह में बेहद जल्द यहां सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद रहवासियों द्वारा की जा रही है। जिससे सबसे बड़ा फायदा आसपास के लोगों के साथ यहां से गुजरने वाले सैकड़ो वाहन चालकों को भी होगा और बड़ी राहत भी मिलेंगी। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से आए दिन की परेशानी से भी निजात मिलेंगी। जिसको लेकर लोग लगातार निगम अधिकारियों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी लगातार प्रयास कर रहे हैं ताकि लोगों को बारिश से पहले नई सड़क की सौगात मिल जाए।

## बिजली विभाग और निगम अफसरों की अनदेखी राहगीरों पर पड़ रही भारी

**इंदौर।** बिजली विभाग और निगम अफसरों के आपसी ताल मेल की कमी और लम्बे समय से जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से हालात यह है कि शनि मंदिर के सामने वाली गली से लेकर मुक्ति धाम तक के महज 300 मीटर हिस्से में दर्जनभर से ज्यादा बाधक बिजली के पोल पिछले डेढ़ साल से भी ज्यादा समय से सड़क के बीच ट्रैफिक में बाधा बन रहे है फिर भी अभी तक नहीं हटें। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी और आसपास के व्यापारी लंबे समय से परेशान हो रहे है। हालत यह है कि निगम और बिजली विभाग के बीच आपसी ताल मेल नहीं होने और अफसरों की लापरवाही और अनदेखी का शिकार यहां से दिन - रात गुजरने वाले हजारों वाहन चालक बन रहें है।

**कई बार कर दी शिकायत फिर भी नहीं हो रही सुनवाई-** वहीं लोगों का कहना है कि पिछले डेढ़ से दो साल में कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार है कि यहां ध्यान नहीं दे रहे। इसलिए इतने समय बाद भी यहां से एक भी बाधक बिजली के पोल अभी तक नहीं हटे। बताया जा रहा है कि यहां के कुछ लोग सड़क निर्माण और चौड़ीकरण में बाधा बढ़ाने के लिए कोर्ट से स्टे भी लाए हुए है।

जिसके कारण भी निगम को यहां सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में लंबे समय से परेशानी आ रही है। गौरतलब है कि सरवटे से गंगवाल तक बनने वाली सीधी सड़क के लिए निगम लंबे समय से प्रयास कर रही है उसके बावजूद यहां की बाधाएं है कि खत्म ही नहीं हो रही है जिसके कारण लंबे समय से यहां का काम उलझा पड़ा है।



## विधानसभा एक के वार्डों में चयनित एक-एक बगीचे में जल्द मिलेंगी आदर्श योग केंद्र की सौगात



**इंदौर।** विधानसभा एक के अंतर्गत क्षेत्र के सभी वार्डों में चयनित एक - एक वार्ड में उद्यान विभाग के अंतर्गत बारिश से पहले आदर्श योग केंद्र की सौगात मिलने वाली है। जिसके नव निर्माण को लेकर जगह चयनित करने से लेकर बनाने की तैयारी भी अब शुरू हो गई है। बताया जा रहा है उद्यान विभाग के अंतर्गत लगभग सवा करोड़ की लागत से विधानसभा एक के अंर्तगत सभी वार्डों में चयनित एक - एक उद्यान में आदर्श योग केंद्र की स्थापना के लिए जल्द नवीन योगा शेड और जिम के उपकरण लगाकर योग केंद्र का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए आने वाले दिनों में बेहद जल्द बारिश से पहले निगम आदर्श योग केंद्र को लेकर निर्माण कार्य शुरू करेगा।

बड़ी बात यह है कि आने वाले दिनों में मानसून का सीजन शुरू होने से पहले विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों के चयनित उद्यान में निगम क्षेत्र के रहवासी परिवारों की मांग पर लाखों रुपए खर्चकर जल्द एक - एक नवीन आदर्श योग केंद्र केंद्र का निर्माण करवाएगा। जहां घर के नजदीक सेहत बनाने के लिए आधुनिक जिम के उपकरण के साथ आदर्श योग केंद्र की सुविधा भी मिलेगी। युवाओं के साथ सीनियर सिटीजन और महिलाएं भी योग केंद्र में अपनी सुविधा अनुसार योग कर सकेंगे।



## भोलेनाथ मंदिर के पास से नयापुरा गली में जर्जर निकासी लाइन के बजाय नई लाइन बिछाने की तैयारी

### बारिश से पहले लाखों रुपए खर्च कर कर रहवासियों को मिलेगी राहत

**इंदौर।** जोन क्रमांक 20 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 में स्थित भोलेनाथ मंदिर के पास से लेकर नयापुरा गली में जर्जर जल निकासी लाइन की बजाय अब जाकर नई लाइन बिछाने की तैयारी शुरू हो रही है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा यहां कि बरसों पुरानी लाइन बदलकर उसकी जगह लाखों रुपए खर्च कर यहां नई लाइन डालने की तैयारी है। जिससे बारिश के सीजन में आने वाले दिनों में लोगों के घरों में गंदा पानी नहीं भराएगा। इसको लेकर क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से यहां के जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों से भी सुधार की मांग कर रहे थे। जिससे निविदा प्रक्रिया के बाद निगम द्वारा आने वाले दिनों में यहां क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई लाइन डालने की तैयारी शुरू होने वाली है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को बारिश से पहले बड़ी राहत मिलेगी।

**अभी स्थिति ऐसी कि घर के बाहर निकलने में भी होती है परेशानी-** वहीं अभी स्थिति यह है कि आधी अधूरी लाइन के चलते हैं घर के बाहर बरसों पुरानी लाइन क्षतिग्रस्त होने से जगह-जगह गंदगी पसरी रहती है। जिसके कारण लोगों का घर से बाहर निकलना भी दुश्वार हो रहा है। ऐसे में नई लाइन डालने के बाद क्षेत्र के लोग राहत की सांस लेंगे, साथ ही आने-जाने में की परेशानी भी दूर होगी।

## संपादकीय

# नफरती भाषणों पर कानून क्यों बेअसर? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उठे बड़े सवाल

हाल के वर्षों में कुछ नेताओं ने न केवल लोगों की भावनाएं भड़काने वाले भाषण दिए, बल्कि इस बात का खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा कि इससे देश में अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भाव को नुकसान पहुंच सकता है और विषम हालात भी पैदा हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश की राजनीति में लोगों के बीच नफरत फैलाने वाले बयानों या भड़काऊ भाषणों के जरिए सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिशें चिंता का कारण बनती रही हैं। ऐसे अनेक मौके सामने आए, जिनमें किसी नेता पर राजनीतिक स्वार्थ साधने या फायदा उठाने की मंशा से ऐसी बयानबाजियां करने या नारे लगाने के आरोप लगे, जिससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ने की आशंका पैदा हुई। मगर ऐसे नेताओं को जहां कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए था, वहां उनके प्रति पुलिस या शासन-तंत्र ने एक तरह से नरम रवैया अपनाया। शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर बढ़ते नफरती भाषणों की समस्या से निपटने के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। मगर इस मसले पर सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि वर्तमान कानून का ढांचा लोगों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सार्वजनिक शांति को भंग करने वाली हरकतों से सक्षम तरीके से निपटता है। इसमें भारतीय दंड संहिता और अन्य संबंधित कानूनों के प्रावधान शामिल हैं। जाहिर है, मौजूदा कानूनी प्रावधानों के संदर्भ में अदालत ने एक तरह से स्थिति स्पष्ट कर दी है। मगर इससे इतर नफरती भाषणों के जरिए अगर लोगों के बीच विद्वेष फैलाने की कोशिश की जाती है, तो इसकी नए सिरे से व्याख्या करने और उसे कानूनी दायरे में लाने की जरूरत है। इस संदर्भ में अदालत ने स्पष्ट किया कि अपराध की व्याख्या या उसे परिभाषित करना और सजा तय करना पूरी तरह विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में अदालत केवल सुधारों की जरूरत की ओर विधायिका और कार्यपालिका का ध्यान खींच सकती है। अदालत की यह टिप्पणी अहम है कि नफरती भाषणों के संदर्भ में याचिकाकर्ताओं की शिकायत कानून के अभाव में नहीं, बल्कि उसके लागू होने में कमी से पैदा होती है। ऐसी शिकायतें आम रही हैं कि कानूनी प्रावधान होने के बावजूद कई मामलों में पुलिस या तो आरोपों की अनदेखी करती है या फिर कमजोर धाराओं के तहत मामला दर्ज करती है। नतीजतन, जिन गतिविधियों की वजह से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी, उसके विरुद्ध कानून लाचार नजर आता है। दरअसल, हाल के वर्षों में कुछ नेताओं ने न केवल लोगों की भावनाएं भड़काने वाले भाषण दिए, बल्कि इस बात का खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा कि इससे देश में अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भाव को नुकसान पहुंच सकता है और विषम हालात भी पैदा हो सकते हैं। मगर ऐसे आपत्तिजनक भाषण देने वाले लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को लेकर सरकारों के भीतर ईमानदार इच्छाशक्ति का अभाव दिखता रहा है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इस तरह की प्रवृत्ति की अनदेखी करने या सुविधाजनक तरीके से कुछ नेताओं के नफरती भाषणों के प्रति आंखें मूंद लेने का नुकसान आखिरकार आम जनता और देश को उठाना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने भी इसी संदर्भ में कहा कि नफरती भाषण और अफवाह फैलाने से जुड़े मुद्दे सीधे तौर पर भाईचारे, गरिमा और संवैधानिक व्यवस्था के संरक्षण से जुड़े हैं। कायदे से कुछ संवेदनशील स्थितियों के बावजूद अगर मौजूदा कानूनी प्रावधानों का दायरा सीमित है, तो यह केंद्र और राज्य सरकारों पर निर्भर है कि वे बदलते परिदृश्यों तथा चुनौतियों के मद्देनजर आगे किसी ठोस कानूनी उपाय की जरूरत पर विचार करें। नफरत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि सजा का निर्धारण पूरी तरह से विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। भड़काऊ बयानबाज़ी (हेट स्पीच) से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया। एण ने कई जगहों पर धर्म संसदों में दिए गए हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

## कलयुगी बेटे की करतूत

# मां शादी से लौटी तो बेटा घर साफ कर हुआ फरार

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां के घर का ताला तोड़कर नकदी, जेवरात और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए। मां जब शादी समारोह से वापस लौटी, तो घर का नजारा देख दंग रह गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी लक्ष्मीबाई पति नारायण खोजे (65) निवासी शीतल नगर ने अपने बेटे के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लक्ष्मीबाई ने बताया कि वह एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। जब वे 28 अप्रैल की शाम करीब 7:00 बजे घर वापस लौटीं, तो देखा कि घर के मुख्य गेट का लॉक खुला हुआ था। जब वे अंदर कमरे में गईं, तो देखा कि गोदरेज की अलमारी में चाबी पहले से ही लटकी हुई थी। संदेह होने पर उन्होंने अलमारी के दराज खोलकर देखे, तो उनके होश उड़ गए। दराज में रखे 65,000 रुपये नगद, सोने के पुराने इस्तेमाली आभूषण और चांदी के जेवरात गायब थे।हैरानी की बात यह है कि आरोपी बेटा न केवल नकदी और जेवर ले गया, बल्कि अपनी बहन रेणुका के पढ़ाई संबंधी महत्वपूर्ण कागजात और उसके बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेज भी चोरी कर ले गया। लक्ष्मीबाई के अनुसार, उनके दो बेटे जितेंद्र और राकेश घर पर ही थे, लेकिन जितेंद्र खोजे ने ही इस वारदात को अंजाम दिया और ताला तोड़कर सारा सामान समेट कर भाग निकला।विजयनगर पुलिस ने लक्ष्मीबाई की शिकायत पर आरोपी बेटे जितेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# रिटायर्ड कर्नल के घर चोरों का धावा

**इंदौर।** बड़गोंदा थाना क्षेत्र के गवली पलासिया इलाके में एक रिटायर्ड सैन्य अधिकारी के सूने घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। अज्ञात बदमाश घर की अलमारी में रखे लाखों रुपये के हीरे और सोने के कीमती जेवरात चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अलमारी से हीरे जड़े सोने के जेवरात और कीमती माला ले उड़े**

पुलिस के अनुसार, चोरी की यह वारदात बेरछा रोड, गवली पलासिया निवासी रिटायर्ड कर्नल संजय बावा पिता लेफ्टिनेंट कर्नल नरेंद्र कुमार बावा के घर पर हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके घर की अलमारी में कीमती आभूषण रखे हुए थे। किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखे कीमती जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, चोरों ने अलमारी से एक हीरा जड़ा सोने का कंगन, दो हीरे जड़ी सोने की अंगूठी, एक हीरा जड़ा सोने का टॉप्स, एक सोने की चेन और एक बेशकीमती रूबी की आठ लड़ी वाली माला चुरा लिए। चोरी गए आभूषणों की कीमत लाखों में आंकी जा रही है। घटना का पता तब चला जब परिवार ने अलमारी का सामान चेक किया, जहां जेवरात गायब मिले।

# भाई के साथ बाइक से जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**इंदौर।** नेमावर रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। अपने भाई के साथ बाइक पर जा रहे युवक को पीछे से आए एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं, क्योंकि मृतक की डेढ़ महीने बाद ही शादी होने वाली थी।

मृतक का नाम जुनैद पिता जाकिर (25), निवासी गीता नगर है। जुनैद एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। बुधवार को वह अपने भाई अनस के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से ग्राम हासाखेड़ी जा रहा था। जैसे ही वे नेमावर रोड पर पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित आयशर वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जुनैद सड़क पर दूर जा गिरा और उसे गंभीर चोटें आईं, जबकि उसका भाई अनस भी घायल हो गया। जुनैद को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जुनैद की शादी तय हो चुकी थी और महज डेढ़ महीने बाद उसकी शादी होना थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। घटना के बाद आयशर वाहन का चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। जुनैद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया गया है।

# चने की उधारी के रुपए मांगने पर हमला

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में महज 5 किलो चने के पैसे मांगने पर आरोपी और उसके साथियों ने मिलकर युवक पर हमला कर दिया और नुकीली वस्तु से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी देवीदीन साहू निवासी विशाल नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका परिचित रघुराज जायसवाल कुछ समय पहले उससे 5 किलो सिके हुए चने लेकर गया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब रघुराज ने पैसे नहीं लौटाए तो देवीदीन ने उससे अपनी उधारी मांगी। पैसे मांगने की बात रघुराज को इतनी नागवार गुजरी कि उसने गाली-गलौच शुरू कर दी। जब देवीदीन ने गालियों का विरोध किया, तो रघुराज ने उसे थप्पड़ और लातों से मारना शुरू कर दिया। इसी बीच रघुराज के तीन साथी कुन्दन जायसवाल, कुलदीप जायसवाल और विपिन भी वहां पहुंच गए। चारों ने मिलकर देवीदीन को घेर लिया और बेरहमी से उसकी पिटाई की। मारपीट के दौरान आरोपी कुन्दन ने अपने पास रखी किसी नुकीली वस्तु से देवीदीन के दोनों हाथों पर ताबड़तोड़ कई वार किए। हमले में देवीदीन के हाथों से काफी खून बहने लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरेराह हो रही इस मारपीट और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ को अपनी ओर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# एक्सीडेंट के बाद मदद करने वालों को दे रहे थे धन्यवाद, तभी बदमाशों ने आकर कर दी पिटाई

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र के चिमनबाग चौराहे पर गुंडागर्दी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। सड़क पर बाइक फिसलने के बाद मदद करने वालों का शुक्रिया अदा कर रहे एक युवक और उसकी पत्नी पर कुछ बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाशों ने बीच-बचाव करने आई महिला को भी नहीं बख्शा और उसके सिर पर वार कर दिया।

पुलिस के अनुसार, फरियादी जितेंद्र पिता शंकर गोयल निवासी बालदा कॉलोनी अपनी मां कमलाबाई और पत्नी पिंकी के साथ बाइक से जा रहे थे। चिमनबाग चौराहे के टर्न पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ा और वे गिर गए। चौराहे पर मौजूद कुछ राहगिरों ने मानवता दिखाते हुए उन्हें उठाया और हाल-चाल पूछा। जितेंद्र ने उन मददगारों से कहा कि हम ठीक हैं, आप लोगों का बहुत धन्यवाद, अब आप जा सकते हैं।इसी दौरान जितेंद्र की मां भी उन्हें सावधानी से गाड़ी चलाने की हिदायत दे रही थीं। जितेंद्र अभी उन लोगों का आभार मान ही रहे थे कि सड़क की दूसरी तरफ से एक स्कूटी पर सवार होकर तीन लड़के आए। उनमें से एक की पहचान दुर्लभ के रूप में हुई है। आरोपी आते ही जितेंद्र को गालियां देने लगे और बोले कि तू क्या बोल रहा था? इससे पहले कि जितेंद्र कुछ समझ पाते, पीछे से आए उनके एक और साथी ने हमला कर दिया। बदमाशों ने जितेंद्र को जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटने लगे। जब जितेंद्र की पत्नी पिंकी गोयल ने अपने पति को बचाने की कोशिश की और बीच-बचाव किया, तो बदमाशों ने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में पिंकी के सिर के दाईं तरफ गंभीर चोट आई है। एमजी रोड पुलिस ने जितेंद्र की शिकायत पर आरोपी दुर्लभ और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# चाय वाले ने युवक को डंडे से पीटा

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के एक चाय दुकान संचालक ने विवाद के चलते युवक को डंडे से पीट दिया। भाई के बीच-बचाव करने पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकला।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मनोहर मकवाना पिता रमेश मकवाना निवासी इंदिरा नगर, ढाबली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका भाई अनीश मकवाना मांगलिया रेलवे स्टेशन के पास था। तभी मनोहर के पास एक परिचित का फोन आया, जिसने बताया कि मांगलिया रेलवे स्टेशन के पास एक चाय वाला अनीश के साथ मारपीट कर रहा है।

सूचना मिलते ही मनोहर तुरंत स्टेशन के पास स्थित चाय की दुकान पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि आरोपी राजकुमार पंवार निवासी ढाबली जो चाय की दुकान चलाता है, अनीश को गालियां दे रहा था और लकड़ी के डंडे से उसकी पिटाई कर रहा था। मनोहर को अपनी ओर आता देख आरोपी राजकुमार डंडा फेंककर मौके से फरार हो गया। लसूड़िया पुलिस ने मनोहर की शिकायत पर आरोपी राजकुमार पंवार के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# केन्द्रीय मंत्री ठाकुर ने घायलों से भेंट की

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विगत दिनों धार में हुई दुर्घटना के घायल एमवाय और अरबिन्दो अस्पताल में





दाखिल है। इन घायलों से मुलाकात करने केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने दोनों अस्पताल पहुंचकर वहां घायलों से मुलाकात की और चिकित्सकों से चर्चा कर अच्छे उपचार के निर्देश भी दिए।

# शौक पूरा करने के लिए बने लुटेरे

## सुबह महिला से लूटी थी चेन, शाम होते-होते तीनों पुलिस की गिरफ्त में

**इन्दौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में चेन लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपियों में दो नाबालिग हैं, जिन्होंने अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए पहले गाड़ी चोरी की और फिर राह चलती महिला को अपना निशाना बनाया।

घटना द्वारकापुरी स्थित पंजाब बेकरी वाली गली की है। फरियादी रीटा पति महेंद्र सलूजा घर के पास ही किसी से बात कर रही थीं तभी एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए। इससे पहले कि रीटा कुछ समझ पातीं, बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन लूटकर रफूचक्कर हो गए। लूट की यह पूरी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। पुलिस ने जब फुटेज खंगाले, तो उसमें आरोपियों के चेहरे साफ नजर आए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी रोशन की पहचान की और घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। रोशन की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में शामिल उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को भी हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पहले एक बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन और चोरी की गई बाइक, दोनों बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए मुख्य आरोपी रोशन का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। वह पहले भी कई वारदातों में शामिल रहा है। फिलहाल द्वारकापुरी पुलिस तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि शहर में हुई अन्य चोरी और लूट की वारदातों का सुराग लगाया जा सके।

## इंदौर कोल्ट्स फायनल में

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एसवीसीए टी-20 स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर कोल्टस एवं श्रीराम स्पोटस के मध्य सेमीफायनल मैच खेला गया जिसमें श्रीराम स्पोटस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 103 रन बनाये। निलेश जाघव ने 58 रन बनाये। हर्ष सोनी एवं अभिषेक यादव ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम ने 14 ओवरो में 3 विकेट खोकर 104 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया और फायनल में प्रवेश किया । पियुष द्विवेदी ने सर्वाधिक 33 रन बनाये।

## मिड जूनियर, मिनी जूनियर एवं सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा आज से

**इंदौर।** इंदौर जिला बेडमिंटन संगठन सचिव आर.पी.सिंह नय्यर ने बताया कि शांता देवी कमल भंडारी स्मृति मिड जूनियर, मिनी जूनियर एवं सब जूनियर इंदौर जिला बेडमिंटन चेम्पियनशीप आज से नेहरू स्टेडियम हॉल, इंदौर में खेली जाएगी। उक्त स्पर्धा में रिकार्ड 300 से ऊपर प्रविष्टियॉ आई है। स्पर्धा में बालक एवं बालिका एकल 9 वर्ष 11 वर्ष 13 वर्ष एवं 15 वर्ष के मुकाबले खेले जाएँगे।

## इन्दौर जिला नेटबाल ग्रीष्मकालीन शिविर आज से शुरू

**इंदौर।** भारतीय नेटबाल संघ व नेटबाल स्पोर्टस एसोसिएशन, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार इन्दौर जिला नेटबॉल एसोशसएशन के द्वारा हर वर्ष ग्रीष्मकाल का सदुपयोग करने व समाज को खेलों के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन शिविर 1 से 31 मई तक खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अल्पाइन एकेडमी के मैदान विज्ञान नगर अन्नपूर्णा रोड़ में किया जायेगा। जिसके अंर्तगत बालक बालिकाओं के लिये नेटबॉल खेल गतिविधियॉं संचालित होगी।

## देव्ज एकेडमी सेमीफायनल में

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में मां कनकेश्वरी क्लब द्वारा आयोजित एवं संस्था बरगद द्वारा प्रायोजित संस्था बरगद अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं एलएसजीसीए के मध्य दो दिवसीय क्वार्टर फायनल मैच खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए पहली पारी में 44 ओवरो में 149 रनों पर अपने सभी विकेट खो दिये।





# प्राचार्य और शिक्षिका का सेवानिवृत्त पर सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शासकीय विद्यालय हातोद में प्राचार्य सत्यनारायण मंडलोई तथा पीटीआई शिक्षिका इंदिरा पंवार के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान का आयोजन किया। सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण आजाद, परिषद प्रतिनिधि मोतीलाल राजोरिया, डॉ शरद जैन, अरुण जैन, दिनेश सिसोदिया, अशोक कानूनगो, कविता जैन, गिरीश तेजवानी, राधेश्याम यादव, रेणुका वर्मा, वर्षा बाकलीवाल मौजूद थे।

## दीक्षित की पुण्यतिथि पर कल रक्तदान एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शांता मोहनलाल दीक्षित की पुण्यतिथि के अवसर पर कल 2 मई शनिवार की सुबह 8 बजे से 2 बजे तक रेडक्रास ब्लड सेंटर एवं शैल्बी हॉस्पिटल, इंदौर द्वारा रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन भक्त प्रहलाद नगर एमओजी लाईन गंगवाल बस स्टेण्ड के पास किया जाएगा। डॉ. आशीष शेठ, डॉ. रोमित अग्रवाल, डॉ. विपिन सिंह, डॉ. सिद्धांत जैन, डॉ. नरेन्द्र बोरदिया, डॉ. विनीत नाजा जैन, डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. सुधांशु यादव, डॉ. रिद्धिमा ओझा, डॉ. विशाल मालवीया,डॉ. सावन अग्रवाल, डॉ. मेघा अग्रवाल द्वारा सेवा देते हुए जांच की जाएगी। उक्त जानकारी धर्मेश दीक्षित द्वारा दी गई।

## नेशनल आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नेशनल आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन 20 से 22 जुलाई तक मॉल में किया जाएगा। यह आयोजन देश का सबसे बड़ा हेयर और ब्यूटी प्लेटफॉर्म बनने जा रहा है, जहां देशभर के कलाकार, प्रशिक्षु, विशेषज्ञ और इंडस्ट्री लीडर्स एक ही मंच पर एकत्रित होंगे। इस मेगा इवेंट में 10,000 से अधिक विजिटर्स, 500 से अधिक प्रतिभागी, 50+ इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और 25+ लाइव सेशन आयोजित किए जाएंगे, जो इसे ब्यूटी इंडस्ट्री के सबसे बड़े और प्रभावशाली आयोजनों में से एक बनाते हैं। आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप 2026 के दौरान मेकअप, हेयर आर्टिस्ट्री, स्किन और ब्यूटी, नेल आर्ट और बार्बरिंग जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागियों को रेड कारपेट लुक, ब्राइडल लुक, अवांट-गार्ड स्टाइल, हेयर कट एवं कलरिंग, फेशियल, वैक्सिंग, नेल आर्ट और अन्य आधुनिक तकनीकों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। पहले दिन उदघाटन समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा सम्मान का आयोजन भी होगा। दूसरे दिन हेयर आर्टिस्ट्री और फैशन शो का आयोजन होगा।

## पुलिस महाविद्यालय में सेवानिवृत्ति सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में कल एएसआई हरिशंकर लश्करी, दिनेश यादव की सेवाएं पूर्ण हुई तो उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मान का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्रकुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौहान ने पीटीसी के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी में सेवानिवृत्ति वाले दोनों अधिकारियों का सम्मान किया।

# जीत के बाद भी पांचवें स्थान परी जीटी, आरसीबी को भी नुकसान नहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अहमदाबाद में आईपीएल 2026 का 42वां लीग मैच खेला गया। इस मैच में गुजरात की टीम को जीत मिली। इस जीत के बाद वैसे तो पॉइंट्स टेबल पर कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी को थोड़ा सा नुकसान हुआ है, जबकि जीटी को दो अंक मिले हैं और नेट रन रेट में भी फायदा हुआ है। कोई भी टीम ऊपर-नीचे नहीं हुई है, जो टीम इस मैच से पहले जिस पायदान पर थी, अभी भी उसी पायदान पर है।

पंजाब किंग्स पहले की तरह अभी भी शीर्ष पर है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी के पास टॉप पर पहुंचने का मौका था, लेकिन आरसीबी को हार मिली है। ऐसे में पंजाब किंग्स 13 पॉइंट्स के साथ नंबर वन है। आरसीबी के खाते में 12 अंक हैं। तीसरे पायदान पर विराजमान सनराइजर्स हैदराबाद के खाते में भी 12 पॉइंट्स हैं, लेकिन नेट रन रेट इस वक्त आरसीबी का अच्छा है। भले ही उन्हें गुजरात टाइटन्स से हार मिली है। चौथे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स है। राजस्थान की टीम भी 9 में से 6 मुकाबले जीतकर 12 अंक हासिल कर चुकी है, लेकिन आरआर का नेट रन रेट एसआरएच और आरसीबी के मुकाबले अच्छा नहीं है। उधर, गुजरात टाइटन्स टॉप 5 में बरकरार है और पांचवीं ऐसी टीम बनी है, जिसने इस सीजन 5 या इससे ज्यादा मैच जीते हैं।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **हरप्रीत सिंह छाबड़ा-दलजीत कौर छाबड़ा** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्र. 12 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001152292 पता 7 दुबे कालोनी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **दृष्टि पंजाबी** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्र. 12 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001157826 पता 15 गोपाल बाग इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



# रजत पाटीदार ने की गिल और भुवनेश्वर की तारीफ

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार का मानना है कि इस पिच पर 155 रन पर्याप्त नहीं थे। उन्होंने गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल की बैटिंग की तारीफ की है और माना कि गिल ने ताबड़तोड़ पारी से उनकी टीम पर दबाव डाल दिया था। गुजरात टाइटंस ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से शिकस्त दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पहले बैटिंग करते हुए पूरे ओवर नहीं खेल सकी और 19.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 155 रन पर ऑल आउट हो गई। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल और जोस बटलर की दमदार पारियों की मदद से 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### रजत पाटीदार ने इस चीज को बताया पॉजिटिव

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद रजत पाटीदार ने कहा, जाहिर है, इस ट्रैक पर इतने रन पर्याप्त नहीं थे लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने गेंदबाजी की और मैच को 15-16 ओवर तक ले गए, मुझे लगता ये पॉजिटिव साइन है। पिच के बारे में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, सतह पर घास की अच्छी परत थी जिसने तेज गेंदबाजों की मदद की। जैसा हमने कहा, शुभमन ने पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने हम पर दबाव बनाया, लेकिन जिस तरीके से हम वापसी करके 16वें ओवर तक मैच को खींच सके, वो सकारात्मक है। मुझे लगता है कि यह काफी स्पष्ट है। हमने बीच के ओवरों में बहुत सारे विकेट गंवाए और इसी वजह से हम पिछड़ गए।

उन्होंने आगे कहा, जैसा हम सभी जानते हैं, वो (भुवनेश्वर) टी20 फॉर्मेट के अनुभवी गेंदबाज हैं। पहले हाफ में उन्होंने जिस तरीके से गेंदबाजी की, वो कमाल की थी लेकिन मुझे लगता है कि अभी लंबा रास्ता तय करना है और हम एक बार में एक ही मैच पर ध्यान देंगे। बिल्कुल, लेकिन हम टेबल को लेकर नहीं सोच रहे। हमारा लक्ष्य सिर्फ अच्छी क्रिकेट खेलना है। गुजरात टाइटंस ने 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाकर टूर्नामेंट में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। वहीं यह आरसीबी की तीसरी हार है। राहुल तेवतिया ने 17 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 27 रनों की मैच विजयी पारी खेली। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट लिये। रोमारियो शेफर्ड को दो विकेट मिले। सुयश शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूज इन बॉक्स

### लक्षिता माहेश्वरी एमपीएल लीग निमाड़ टीम में



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमपीएल म.प्र. लीग निमाड़ की टीम में बल्लेबाज और गेंदबाज आलराउंडर लक्षिता माहेश्वरी को टीम में लिया गया। इस उपलब्धि पर परिजन, निकट के लोग और समाजजनों ने बधाई दी है।

### सम्भाजी नगर में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने 6पदक जीते



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि अंडर 17 राष्ट्रीय कुश्ती में महाराष्ट्र के सम्भाजी नगर में 6 कास्य पदक जीते, अनिशा नायक, जयश्री वर्मा ने महिला वर्ग में कांस्य पदक जीते, वही लड़को के ग्रिकोरोमन में लोक प्रजापत, आन्नद यादव, तुसन्त जाधव, वेदज्ञ जोशी ने कांस्य पदक जीते।

### नन्हे कराते खिलाड़ी कोडाइकनाल में जीते



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारतीय गोजू रियू कराते महासंघ के सानिध्य में तमिलनाडु स्टेट खेल प्राधिकरण के सहयोग से एवं लियो स्पोर्ट्स के तत्वावधान में कोडाइकनाल में आयोजित हुए 12 वे राष्ट्रीय कोड़ाई कप में इन्दौर के खिलाड़ी आर डी विक्टोरियस के बैनर तले विजयश्री को प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है। राधिका पंचोले (कप्तान)स्वर्ण पदक इन्होंने 46 किलोग्राम वर्ग में चेन्नई और बेंगलुरु की खिलाड़ी को हराया। रोहित कौशल स्वर्ण पदक इन्होंने 42 किलोग्राम वर्ग में मदुरई और विशाखापत्तनम के खिलाड़ी को हराया। देवश्री पटेल स्वर्ण पदक इन्होंने 6 वर्ष के वर्ग में त्रिशूर और महाराष्ट्र को परास्त किया। सोनाक्षी पटेल रजत पदक इन्होंने केरल की खिलाड़ी को सेमीफाइनल में धूल चटाई। प्रियल प्रजापत, प्रणव मुकाती को कांस्य पदक इन्होंने अपने अपने वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी तरह कोडाई कप में इंदौर मध्यप्रदेश को तीन स्वर्ण एक रजत और कास्य पदक प्राप्त हुए। इस टीम के मैनेजर जसवंत पंचोले थे।

# विराट की वजह से पूरा भर गया नरेंद्र मोदी स्टेडियम

**अहमदाबाद।** विराट कोहली भले ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं और टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह चुके हैं। सिर्फ वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट के अलावा कभी-कभार डोमेस्टिक लिस्ट ए क्रिकेट भी वे खेलते हैं। हालांकि, आईपीएल में वे अभी भी एक्टिव हैं। आईपीएल के दौरान विराट कोहली के प्रति फैंस की दीवानगी देखते ही बनती है। ऐसा ही कुछ गुरुवार को देखने को मिला, जब भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के चाहने वालों ने दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम को करीब 90 फीसदी तक भर दिया।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2026 का 42वां लीग मैच गुजरात टाइटन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। गुजरात की टीम अपने होम ग्राउंड पर चौथा मुकाबला खेलने उतरी थी। इससे पहले खेले गए तीन मैचों में भरपूर समर्थन जीटी को मिला था, लेकिन चौथे मैच में ऐसा लगा मानो जैसे गुजरात टाइटन्स की पूरी टीम से ज्यादा



विराट कोहली के चाहने वालों की भीड़ थी। जिस एक लाख से ज्यादा की दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में आईपीएल 2026 में 45000 दर्शक भी नहीं पहुंच रहे थे, उसी स्टेडियम में जब विराट कोहली खेलने के लिए उतरे तो दर्शकों की संख्या 90 हजार के पार चली गई, जो कि इस आईपीएल में रिकॉर्ड भी है। यहां तक कि मुंबई इंडियंस के मैच के लिए भी उतने दर्शक नहीं पहुंचे थे। इसके अलावा वैभव सूर्यवंशी वाली राजस्थान की टीम को भी यहां इतना सपोर्ट नहीं मिला था।

आकंड़ों की मानें तो जीटी वर्सेस आरसीबी मैच के दौरान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आधिकारिक अटेंडेंस 90865 थी। इससे पहले यहां जीटी वर्सेस एमआई मैच खेला था। उस मुकाबले को देखने के लिए 40625 दर्शक ही पहुंचे थे। वहीं, जीटी वर्सेस केकेआर मैच में तो फैंस की संख्या और कम रही थी। महज 34211 दर्शक इस स्टेडियम में पहुंचे थे। हालांकि, जीटी वर्सेस आरआर मैच के दौरान दर्शकों की उपस्थिति 44551 दर्ज की गई, लेकिन आरसीबी के मैच में अटेंडेंस 90 हजार के पार थी, जो दर्शाता है कि विराट कोहली जहां भी जाते हैं, उनके चाहने वाले वहां पहुंच ही जाते हैं।

### यहां भी था चक्का-जाम

*दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी के बीच मुकाबला खेला गया था। उस मैच में भी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। स्टेडियम के बाहर टिकटों की ब्लैकमेलिंग हो रही थी, जबकि विराट कोहली के सैकड़ों ऐसे चाहने वाले थे, जिन्हें टिकट मिला ही नहीं था। हर एक एंट्री गेट पर लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई थीं।*

### ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो शिविर 3 मई से

**इंदौर।** ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो शिविर का आयोजन 3 मई से 28 मई तक करने जा रहा है। जिसमें इंदौर जिले में 14 स्थानों पर ताइक्वांडो सिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमें इंदौर ताइक्वांडो क्लब (एम आइ जी कॉलोनी), कॉम्बिटीव ताइक्वांडो क्लब (कैसरबाग रोड), द वर्ल्ड जिम (अन्नपूर्णा रोड), ताइक्वांडो क्लब (समर पार्क निपानिया), इंदौर ताइक्वांडो मार्शल आर्ट (सिंगापुर टाउनशिप तलवाली चंदा), डी - ताइक्वांडो अकैडमी (बिचोली मरदाना), ताइक्वांडो मार्शल आर्ट (लिंबोडिया), काशवी ताइक्वांडो क्लास (परदेसी पुरा), शौर्य मार्शल आर्ट अकैडमी (सिलिकॉन सिटी), काईजान मार्शल आर्ट (स्कीम नंबर 103), जाहिद स्पोर्ट्स अकैडमी (खजराना हबीब कॉलोनी), विनायक डिफेंस एकेडमी (पोलो ग्राउंड), पिंक फ्लावर स्कूल (नेहरू नगर), फिट एंड फाइन ताइक्वांडो क्लब (मंगल नगर) पर राष्ट्रीय कोचो द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### आज से जूनियर कराटे चैम्पियनशिप

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमपीएसकेए मध्य प्रदेश स्टेट सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 1, 2 एवं 3 मई को आईपीएस स्कूल में किया जा रहा है। वॉरियर जर्नी डोजों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो महू एवं इंदौर शाखा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। खिलाड़ियों में सागर लांडेगे, रचित खोट, अद्विका माहेश्वरी, आध्या चांडक, आर्या सोनी, एजरील अनायशा भान एवं धानी सिंह शामिल हैं। ट्रेनर करण साहू, कोच जसप्रीत सिंह एवं हरिओम परमार है।

# बल्लेबाजी, गेंदबाजी और अच्छी फिल्डिंग की वजह से भी मिली जीत: गिल

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बुरी तरह हराया और जीटी ने अपना बदला भी पूरा कर लिया। गुजरात टाइटन्स को इसी सीजन आरसीबी से हार मिली थी और अब रिवर्स मुकाबले में गुजरात ने आरसीबी ने हराकर बदला पूरा कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में आरसीबी को जीटी ने 4 विकेट से हराया। जीटी को इस मैच में जीत क्यों मिली? इसका जवाब गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने दिया है। उन्होंने बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं, बल्कि फील्डिंग को जीत का प्रमुख कारण माना है।

शुभमन गिल ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है, आप जानते हैं, इस तरह के विकेट पर, उनके जैसी टीम को 160 रन से कम पर रोकना बॉलर्स का बहुत बढ़िया काम था। इस जीत का कारण क्या था? इसके जवाब में शुभमन गिल ने कहा, मुझे लगता है कि हमारी फील्डिंग एक वजह थी, मुझे लगता है कि कुछ मौकों पर, हमने गेम में उतनी अच्छी फील्डिंग नहीं की और मुझे लगता है कि आज उन दिनों में से एक था, सब एक साथ आए। फील्ड में एनर्जी बहुत, बहुत अच्छी थी, खासकर दूसरे ओवर के बाद, विराट भाई ने हमारे खिलाफ कुछ रन किए और हम सब कैसे एक साथ वापस आए। यह हमारे लिए बहुत ज़रूरी था।

क्या पावरप्ले में एग्रेसिव होने के लिए उनकी तरफ से कोई जानबूझकर कोशिश की गई थी? इस पर गिल ने कहा, सच कहूं तो,



ऐसा नहीं है। मुझे बस ऐसा लग रहा था कि मैं ज़ोन में हूं और पहली बॉल पर, मैं थोड़ा लकी हो गया और दूसरी बॉल पर, मैं अपने ज़ोन में आ गया, तो मैंने सोचा, ठीक है, शायद आज मेरा दिन है, आप जानते हैं। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। मैं कॉन्फिडेंट महसूस कर रहा था। तो मैंने सोचा, मैं बॉलर्स का सामना करना चाहता हूं।

17 गेंदों में 27 रनों की पारी खेलने वाले राहुल तेवतिया को लेकर कप्तान गिल बोले, वह हमारे लिए बहुत ज़रूरी खिलाड़ी है। बहुत खुश हूं कि उसने गेम खत्म किया।





# बाइक सवार मां-बेटे को गिट्टी से भरे डंपर ने कुचला, दर्दनाक मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सांवेर थाना क्षेत्र में बीती दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। गिट्टी से भरे एक अनियंत्रित डंपर ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारने के बाद उन्हें कुचल दिया और फिर उनके ऊपर ही पलट गया। हादसे का मंजर इतना खौफनाक था कि देखने वालों की रूह कांप गई।**

पुलिस के अनुसार, देपालपुर के ग्राम नयाखेड़ा निवासी असलम पिता मुख्तयार पटेल (32) अपनी मां मलका बी पटेल के साथ चिमली गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोपहर में जब दोनों बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी चंद्रावतीगंज से सांवेर की ओर जा रहे गिट्टी से भरे डंपर ने मौत बनकर उन्हें घेर लिया। हादसा सांवेर के पास एक मोड़ पर हुआ। डंपर की रफ्तार इतनी तेज थी कि ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। डंपर ने सामने से आ रही असलम की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और टक्कर लगते ही मां-बेटे सड़क पर गिर पड़े और डंपर ने उन्हें रौंद दिया। इसके बाद गिट्टी से लदा डंपर भी उनके ऊपर ही पलट गया, जिससे दोनों डंपर और गिट्टी के नीचे दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची। डंपर के नीचे दबे शवों को निकालने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव बाहर निकाले गए। डंपर के नीचे दबने के कारण शव सड़क से चिपक गए थे, जिसे देख मौके पर मौजूद लोग सिहर उठे। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे डंपर चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांवेर पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। सांवेर पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# कार से 5 लाख की अवैध शराब जब्त, चालक फरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




**अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजेंद्र नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक क्रेटा कार को रोका, जिसमें भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। हालांकि, पुलिस को देखते ही आरोपी चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।**

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार बीती रात पुलिस टीम केट चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक क्रेटा कार नंबर MP 09 WA 6003 वहां पहुंची। पुलिस ने जैसे ही कार को रुकने का इशारा किया, चालक घबरा गया और पुलिस के पास पहुंचने से पहले ही वाहन छोड़कर गलियों के अंधेरे में गायब हो गया।जब पुलिस टीम ने लावारिस हालत में छूटी कार की तलाशी ली, तो दंग रह गई।

कार की पिछली सीटों और डिक्की में ठूस-ठूस कर अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। गिनती करने पर कुल 43 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। आबकारी विभाग और बाजार मूल्य के अनुसार जब्त शराब की कुल कीमत 4 लाख 95 हजार 744 रुपये आंकी गई है। डीसीपी जोन-1 कृष्णलाल चंदानी ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब के साथ-साथ क्रेटा कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस अब कार के नंबर के आधार पर उसके मालिक और फरार चालक की तलाश कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि शराब की इतनी बड़ी खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे शहर के किस हिस्से में सप्लाई किया जाना था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर

# दोस्त का पता नहीं बताने पर युवक को मारा चाकू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विजयनगर थाना क्षेत्र के बड़ी भमोरी इलाके में अपने दोस्त का पता न बताने पर एक युवक को बदमाशों के हमले का शिकार होना पड़ा। आरोपियों ने युवक को सरेराह रोककर गालियां दीं और विरोध करने पर उसकी जांघ में चाकू घोंप दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना बड़ी भमोरी क्षेत्र की है। फरियादी कुलदीप पिता राज लश्करी ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी सार्थक अपने कुछ अन्य साथियों के साथ उसके पास पहुंचा था। बदमाशों ने कुलदीप को घेर लिया और उसके दोस्त शिव के बारे में पूछताछ करने लगे। सार्थक ने कुलदीप से पूछा कि तेरा दोस्त शिव कहां है? जब कुलदीप ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि उसे शिव के बारे में कोई जानकारी नहीं है, तो सार्थक और उसके साथी भड़क गए। आरोपी उसे सरेआम गालियां देने लगे। कुलदीप ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी सार्थक ने अपनी कमर में हाथ डालकर धारदार चाकू निकाला और कुलदीप के बाएं पैर की जांघ पर दे मारा। चाकू लगने से कुलदीप लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और उसके पैर से काफी खून बहने लगा। वारदात को अंजाम देकर सार्थक और उसके साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी सार्थक और उसके साथियों निवासी जीवन की फेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# एक्सीडेंट में घायल युवक की उपचार के बाद मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तिलक नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति की सड़क हादसे में घायल होने के करीब एक महीने बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। यशवंत पिता सुरेश (45), निवासी तिलक नगर गत 22 मार्च को एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 10 दिनों तक अस्पताल में चले गहन उपचार के बाद उनकी स्थिति में सुधार देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी थी। परिजनों ने बताया कि अस्पताल से घर आने के बाद यशवंत स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत फिर से खराब होने लगी। असहज महसूस होने और स्थिति बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत पुनः अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।



## थाना की दीवार में जा घुसी बेकाबू कार

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बीती रात पलासिया थाना में एक कार जा घुसी। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया और थाना की दीवार में जा घुसी। एक पोल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं दीवार भी क्षतिग्रस्त हुई है। मौके पर तेज आवाज के बाद पुलिसकर्मी भी बाहर आ गए।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।